हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )





राज कपूर की 100वीं जयंती पर साड़ी में इतराईं आलिया भट्ट..

www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 18 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 294, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## मेरा राजनीतिक कॅरियर गांधी परिवार से शुरु हुआ और उन्हीं के द्वारा खत्म भी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने एक किताब लिखी है। जिसमें उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन से जुड़ी बातों का जिक्र किया है। अपनी आगामी किताब ए मैवरिक इन पॉलिटिक्स पर मणिशंकर अय्यर ने कहा कि मेरे राजनीतिक करियर की शुरुआत गांधी परिवार से हुई और खात्मा भी उन्हीं के द्वारा हुआ। उन्होंने बताया कि पिछले दस सालों से सोनिया गांधी से उनकी मुलाकात नहीं हुई है। राहुल गांधी से मिलने का मौका नहीं मिला और प्रियंका गांधी से फोन पर बातचीत होती है। अय्यर ने एक साक्षात्कार में कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के साथ अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक अनुभव शेयर किए। उनकी किताब ए मैवरिक इन पॉलिटिक्स में अय्यर ने बताया कि दस साल में एक बार भी निजी तौर पर सोनिया गांधी से मिलने का मौका नहीं मिला, जबकि राहुल गांधी से सिर्फ एक बार ही मिले हैं। अपनी किताब में अय्यर ने नरसिम्हा राव के समय, यूपीए-1 में मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल और उसके बाद के पतन का जिक्र भी किया है। उन्होंने खासतौर से यूपीए-2 के पतन की यादें किताब में लिखी है। अय्यर ने 2014 के आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के खराब प्रदर्शन का भी जिक्र किया और कहा कि यह एक नुकसानदेह कदम था। 1984 में 404 सीटों से 2014 में 44 सीटों पर गिरने तक कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने बिहार के महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना



**एजेंसी, पटना** । तीन दिवसीय दौरे पर भारत आये श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बोधगया मंदिर सोसायटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

## उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाओं पर ही ध्यान केंद्रित करेगी एनटीए : धर्मेंद्र प्रधान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) 2025 से कोई भर्ती परीक्षा आयोजित नहीं करेगी और केवल उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी। धर्मेंद्र प्रधान ने आज एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि मंत्रालय ने एनटीए में सुधार के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। एक्शन टेकन रिपोर्ट के तहत इसे सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पैनल ने एनटीए के पुनर्गठन का सुझाव दिया है। परीक्षा एजेंसी में 10 नए पद सृजित किए जाएंगे। इस दिशा में हमने काम शुरू कर दिया है। उन्होंने रिपोर्ट के कुछ प्रमुख बिंदुओं का जिक्र करते हुए कहा कि 2013-14 से ज्यादा स्कूल अभी 2023-24 में हैं। स्कूल में बिजली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले 53 प्रतिशत स्कूलों में बिजली थी लेकिन अब 91.8 प्रतिशत स्कूलों में बिजली है। यह कदम मेडिकल प्रवेश नीट परीक्षा के कथित एवं संदिग्ध लीक और अन्य गड़बड़ियों के कारण कई अन्य परीक्षाओं को रद्द करने के बाद इस साल की शुरुआत में गठित एक उच्चस्तरीय पैनल की सिफारिश के आधार पर परीक्षा सुधारों का हिस्सा है। शिक्षा मंत्रालय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ इस बारे में भी बातचीत कर रहा है कि क्या परीक्षा पारंपरिक पेन और पेपर आधारित मोड में आयोजित की जानी चाहिए या कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में बदल दी जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉस्को में धमाका, रूस के न्यूक्लियर डिफेंस चीफ की मौत



**एजेंसी, मॉस्को**। रूस की राजधानी मॉस्को में आज सुबह शक्तिशाली विस्फोट में रूस के परमाणु सेना प्रमुख इगोर किरिलोव और उनके सहयोगी की मौत हो गई। यह विस्फोट राजधानी के दक्षिण पूर्वी हिस्से में रियाजान्स्की एवेन्यू में एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर हुआ। रूसी जांच समिति के मॉस्को विभाग ने इसे हमला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमले के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने इस विस्फोट को अंजाम देने का दावा किया है।

### जस्टिन ट्रूडो को पीएम पद से हटाने की उठी मांग, चौतरफा बन रहा प्रेशर



**एजेंसी, ओटावा** । कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहोल बन रहा है। यहां उन्हे पीएम पद से हटाने की मांग तेज होती जा रही है। कनाडा के पीएम जस्टिस ट्रूडो के लिए अगले साल होने वाले चुनाव से पहले मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी सरकार की डिप्टी पीएम और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही जस्टिन ट्रूडो को कमजोर बताते हुए आरोपों की बौछार भी कर दी।

### महाकुंभ में नहीं होगी शौचालय की असुविधा, सार्वजनिक शौचालय की जिओ टैगिंग शुरु



**एजेंसी, वाराणसी** । महाकुंभ 2025 में श्रद्धालु प्रयागराज के बाद वाराणसी आएंगे। श्रद्धालुओं की सबसे बड़ी समस्या साफ-सुथरे शौचालय मिलने की होती है। सड़क पर पड़ने वाले सार्वजनिक शौचालय का पता करना मुश्किल होता है। वाराणसी जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रयागराज से वाराणसी के सभी रास्तों पर सार्वजनिक शौचालय की जिओ टैगिंग शुरू कर दी है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि नगर निगम के तर्ज पर ग्रामीण इलाकों में मौजूद सार्वजनिक शौचालय की जिओ टैगिंग का काम शुरू कर दिया गया है।

## 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में मत विभाजन के बाद पेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**




लोकसभा में मंगलवार को लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों एवं पंचायत के एक साथ चुनाव कराए जाने से जुड़ा संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 सदन में पेश किया गया। इसके अलावा केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़े कानूनों में संशोधन से जुड़ा विधेयक भी पेश किया गया। गृह मंत्री अमित शाह के प्रधानमंत्री की भावना से अवगत कराए जाने के बाद केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सदन को आश्वसन दिया कि विधेयक को जेपीसी को भेजा जाएगा। विधेयकों को पेश किए जाने का विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने इसे संविधान की मूल भावना और बेसिक स्ट्रक्चर के खिलाफ बताया। वहीं सरकार में शामिल शिवसेना और टीडीपी ने विधेयक का समर्थन किया। बाद में विधेयक को पेश किए जाते समय विपक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए मत विभाजन की मांग की। इसके बाद पहली बार नई संसद में इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतविभाजन हुआ। बाद में कुछ सांसदों ने मतपत्रों से अपने मतदान में सही कराया। विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 और विरोध में 198 वोट पड़े और किसी ने भी मतविभाजन से दूरी नहीं बनाई। इस तरह से विधेयक सदन में पेश हुआ। विधेयक पर चर्चा के दौरान कुछ दलों के नेताओं ने इसे जेपीसी को भेजे जाने का पक्ष रखा। द्रमुक सदस्य टीआर बालू के जेपीसी के पक्ष में दिए बयान को आगे रखते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार भी विधेयक को जेपीसी को भेजे जाने के पक्ष में है। वह सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि विधेयक को पेश करने दिया जाए। अब विधेयक में आगे जेपीसी का गठन होगा और सरकार अलग से प्रस्ताव लाकर इन्हें संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने का प्रस्ताव कर सकती है। विधेयक पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने इस संविधान संशोधन विधेयक को सदन की विधायी क्षमता से बाहर बताया। उन्होंने कहा कि यह संघीय ढांचे और हमारे लोकतंत्र की व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के कार्यकाल अलग होते हैं। इन्हें एक को दूसरे पर आधारित करना संविधान विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत राज्यों का संघ है ना कि इससे उलट है और यह विधेयक केंद्रीकरण की ओर ले जाता है। कांग्रेस के ही नेता गौरव गोगोई ने विधेयक को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधेयक में चुनाव आयोग को राष्ट्रपति को सुझाव देने की शक्तियां दी गई हैं जबकि यह अब तक केवल राज्यपाल और मंत्री परिषद के अधिकार क्षेत्र में थी। विधेयक में राष्ट्रपति को भी विधानसभा भंग करने की शक्तियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव कराए जाने का खर्च 3700 करोड़ रुपये है और इसके लिए सरकार कानून ला रही है। उन्होंने भी विधेयक को जेपीसी को भेजे जाने का पक्ष रखा। विधेयक को पेश करने से पूर्व कानून मंत्री ने कहा कि विधेयक सदन की विधायी क्षमता के दायरे में है। विधेयक किसी भी तरह से विधान मंडलों के अधिकारों पर हस्तक्षेप नहीं करता। यह उनकी स्वायत्तता भी प्रभावित नहीं करता। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत केंद्र सरकार को इस तरह का विधेयक लाने का पूर्ण अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर की व्याख्या के कुछ बिंदु हैं। उनपर किसी भी तरह से यह विधेयक आघात नहीं करता। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर के बाद वह देश के दूसरे कानून मंत्री हैं, जो दलित समाज से आते हैं। उन्होंने ही कहा था कि राज्य किसी समझौते के तहत देश से नहीं जुड़े हैं कि वे अपनी इच्छा से अलग हो सकें। उन्होंने राष्ट्रपति कोविन्द का भी धन्यवाद दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निर्णय लेने की क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विधेयक का विषय 41 साल से लंबित पड़ा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2019 में सर्वदलीय बैठक में विधेयक का विषय रखा था, जिसमें 19 में से 16 पार्टियों ने इसका समर्थन किया था। केवड़िया में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भी इस विषय को रखा गया था।

## नए बैग और नए स्लोगन के साथ संसद पहुंचीं प्रियंका गांधी

### पहले फिलस्तीन और अब बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों का समर्थन

**एजेंसी, नई दिल्ली**




वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी मंगलवार को बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदु और ईसाइ समुदाय के समर्थन में स्लोगन लिखा नया बैग लेकर संसद पहुंचीं हैं। एक दिन पहले ही प्रियंका ने फिलस्तीन के समर्थन में बैग लेकर संसद पहुंचीं थीं, तब भाजपा ने उनका विरोध भी किया था। तब भाजपा नेताओं ने प्रियंका के बैग में फिलस्तीन लिखा होने का विरोध करते हुए कहा था कि प्रियंका गांधी और कांग्रेस को बांग्लादेश के हिंदुओं का दर्द नहीं दिखता है। इसके एक दिन बाद ही जब प्रियंका संसद पहुंचीं तो उनके हाथ में जो नया बैग नजर आया उसमें लिखा था, बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हो। इस बैग के जरिए प्रियंका गांधी और कांग्रेस पार्टी ने उन भाजपा नेताओं को माकूल जवाब दे दिया है, जो कल तक कह रहे थे कि उनके दिलों में हिंदु अल्पसंख्यकों के प्रति दर्द ही नहीं है। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को फिलस्तीन के लोगों के प्रति समर्थन और एकजुटता प्रदर्शित करते हुए फिलस्तीन लिखा हुआ हैंडबैग लेकर संसद पहुंची थीं। इसमें तरबूज जैसी आकृति फिलस्तीनी प्रतीक भी बना हुआ था, जिसे फिलस्तीनी एकजुटता का प्रतीक माना जाता है। बताते चलें कि तरबूज फिलस्तीनी संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है।

## संभल के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके में मिला प्राचीन शिव मंदिर

**एजेंसी, वाराणसी**



उत्तर प्रदेश के संभल जिले के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके मदनपुरा में 250 साल पुराना एक शिव मंदिर मिला है। मंदिर में पूजा-पाठ भी नहीं होता है। कई वर्षों से ताला बंद है। सोशल मीडिया पर मंदिर की तस्वीर वायरल होते ही मंगलवार को हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। मंदिर के बाहर महिला कार्यकर्ताओं के शंखनाद से वहां भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। नगर के संवेदनशील इलाके में मंदिर मिलने पर पुलिस बल के साथ खुफिया तंत्र भी चौकस हो गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार मदनपुरा के मकान नंबर डी-31 के पास स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर में पिछले 10 सालों से ताला बंद है। हिंदू संगठनों ने पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर मंदिर को फिर से खोलने की मांग की है। दावा किया है कि इस मंदिर का उल्लेख काशी खंड में भी है। इस मंदिर पर मालिकाना हक किसका है और ताला किसने बंद कराया, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## भावनगर में खड़े डंपर में बस ने मारी टक्कर, भाई-बहन समेत 6 की मौत

**एजेंसी, भावनगर/अहमदाबाद**



गुजरात के सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावनगर जिले के त्रापज के पास मंगलवार सुबह एक निजी बस, सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक, भावनगर के पास त्रापज के पास हाईवे पर एक डंपर में खराबी आ गई और ड्राइवर ने उसे सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच सूरत से राजुला जा रही एप्पल ट्रैवल्स की बस डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बस चालक वल्लभ सोंडभाई मकवाणा ने बताया कि यात्रियों से भरी बस सूरत से राजुला जा रही थी, इसी बीच त्रापज के पास सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई। रास्ते पर कोई पत्थर नहीं रखा गया था इसलिए डंपर की तरफ ड्राइवर का ध्यान नहीं गया और जबतक उसने बस को संभालने की कोशिश की, बस नियंत्रण से बाहर हो गई।

## झारखंड : राष्ट्रपति की फेक आईडी मामले में रांची के साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी । रांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर फर्जीवाड़ा करने के प्रयास के मामले में रांची पुलिस ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है। साइबर अपराधियों के जरिये आम लोगों से ठगी करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया था। झारखंड के एक नागरिक ने इस ओर पुलिस का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसके बाद रांची पुलिस ने पहले मामले की जांच की और फिर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि साइबर थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। संबंधित व्यक्ति से फेक आईडी का यूआरएल हासिल किया गया है और उसी के आधार पर गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

**क्या है मामला-** राष्ट्रपति की फेक आईडी बनाने का मामला झारखंड पुलिस और दिल्ली पुलिस के संज्ञान में लाने वाले मंटू सोनी झारखंड के हजारीबाग के रहने वाले हैं। मंटू सोनी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि उन्हें राष्ट्रपति के फोटो वाले अकाउंट से एक मैसेज आया, जिसमें लिखा गया था कि जय हिंद, आप कैसे हैं। फिर प्रोफाइल के पीछे मौजूद साइबर अपराधी ने कहा मैं फेसबुक का बहुत कम इस्तेमाल करती हूं आप मुझे अपना व्हाट्सएप नंबर भेजो। जब मंटू ने अपना नंबर कथित साइबर अपराधी को भेजा तब उनके फेसबुक मैसेंजर पर एक मैसेज आया था, जिसमें लिखा था कि हमने आपका नंबर सेव कर लिया है। आपको अपने व्हाट्सएप का कोड भेज दिया है, जो आपके व्हाट्सएप पर चला गया है। कृपया हमें जल्दी से वह कोड भेजें। मंटू को समझते देर नहीं लगी कि राष्ट्रपति इस तरह का कोई मैसेज उन्हें नहीं भेज सकती हैं। मंटू सोनी ने एक्स पर राष्ट्रपति भवन और झारखंड पुलिस सहित अन्य एजेंसियों को डिजिटल एविडेंस को शेयर किया।



## उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने पेश किया 17,865 करोड़ का अनुपूरक बजट

**एजेंसी, लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में बाधारहित विकास को अनवरत जारी रखने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपये के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपये के नए प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्त वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपये) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व, योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का मौजूदा वित्त वर्ष का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपये का हो गया है। राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपये है। यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपये के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपये के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसके अतिरिक्त कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपये का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है। वित्त मंत्री खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा। इसमें ऊर्जा विभाग को 8587.27 करोड़ रुपये, वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपये, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़ रुपये, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपये, लोकनिर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ रुपये, प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़ रुपये, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़ रुपये, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ रुपये और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपये का बजट प्राविधानित किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

## महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर महासंग्राम का हुआ आगाज : प्रभाकर

» कांग्रेस ने खोला मुंह, राजद निवाला देने को तैयार नहीं

» कांग्रेस को औकात दिखाने के मूड में राजद

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने महागठबंधन पर जमकर तंज कसते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में अभी महीनों का समय है, लेकिन महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर महासंग्राम का आगाज हो चुका है। जितना करीब चुनाव आयेगा, यह संग्राम और विस्फोटक रूप ले लेगा। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव आते-आते महागठबंधन पूरी तरह बिखर जाएगा। घमंडियों के इस जमावड़े में सीट शेयरिंग को लेकर अभी से धींगामुश्ती शुरू हो गयी है। बिहार के चुनाव में हमेशा याचक की भूमिका में रहनेवाली कांग्रेस ने राजद के सामने अपनी हथेली फैला दी है। उसने 70 सीटों के लिए अपना बड़ा मुंह खोला है। लेकिन, राजद कांग्रेस के मुंह में निवाला डालने को तैयार नहीं है। श्री मिश्र ने कहा कि असल में महागठबंधन में शामिल दल अपनी डफ़ली बजाते हुए अपना राग अलाप रहे हैं। सभी का स्वार्थ हमेशा एक-दूसरे से टकराता रहा है। इनके बीच एक ही समानता है कि सभी भ्रष्टाचारी हैं। श्री मिश्र ने कहा कि सीट शेयरिंग में कांग्रेस को राजद उसकी औकात दिखाने के मूड में हैं। इस बार महागठबंधन में बड़े भाई और छोटे भाई को लेकर कुश्ती हो रही है। देखना होगा कि बड़े भाई बनने का दंभ भरने वाली कांग्रेस को राजद बड़ा भाई तो दूर छोटा भाई भी बनाता है या नहीं, या हर बार की तरह इस बार भी अपना अर्दली बनवाकर रखता है।

## पटना एवं भागलपुर जिले के दो महत्वपूर्ण पथों के नवीनीकरण कार्य को मिली प्रशासनिक स्वीकृति



**पटना।** भागलपुर एवं पटना जिले में सड़क संरचना के उन्नयन हेतु 02 महत्वपूर्ण पथों के नवीनीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। पटना जिले में Left out of NHAI (Ch-3.370 से 11.430 तक कुल 8.06 किमी) और दीघा सर्विस लेन (Ch-9.570 से 10.550 तक कुल 0.980 किमी) के नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा वही भागलपुर जिले में NH-131B (किमी 0.800 से 15.000 किमी) के नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पथ निर्माण विभाग लगातार विभिन्न जिलों में जिन सड़कों में नवीनीकरण की आवश्यकता है, उन्हें चिन्हित कर उनके नवीनीकरण का कार्य कर रही है। इसी दिशा में पटना एवं भागलपुर जिले में भी दो सड़कों के नवीनीकरण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है। पथ प्रमंडल, पटना पश्चिम अंतर्गत Left out of NHAI (Ch-3.370 से 11.430 तक कुल 8.06 किमी) और दीघा सर्विस लेन (Ch-9.570 से 10.550 तक कुल 0.980 किमी) के नवीनीकरण कार्य के लिए 933.53 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति की दे दी गई है । इस कार्य के बाद खगौल-दीघा नहर पथ पर यात्रा करना आमजन के लिए अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। विदित हो कि यह पथ (खगौल-दीघा नहर) दक्षिण बिहार से जे.पी.सेतु होते हुए उत्तर बिहार जाने का मुख्य पथ है। वर्तमान समय में उक्त नहर पथ एक व्यस्ततम पथ हो गया है। जिसपर अनेकों अपार्टमेंट, अस्पताल, बहुमंजिला ईमारत आदि निर्मित है। इस पथ से होकर उत्तर बिहार के लोग प्रतिशिष्टित AIIMS, अरवल, औरंगाबाद आदि जगह आते-जाते हैं। यह पथ पटना के तीन मुख्य पथों NH-139, NH-98 (एम्स गोलम्बर) नेहरू पथ एवं बांकीपुर-दानापुर पथ को आपस में जोड़ती है। इसी प्रकार राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, भागलपुर अंतर्गत NH-131B (किमी 0.800 से 15.000 किमी) में IRQP (Improvement of Riding Quality Programme) कार्य के लिए 910.59 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। इस पथ की कुल लंबाई 14.20 किमी है और इसमें 40mm BC (बिटुमिनस कंक्रीट) का प्रावधान भी किया गया है। उक्त पथ दो राष्ट्रीय उच्च पथों NH-80 & NH-31 को जोड़ता है। इस पथ के नवीनीकरण कार्य से विक्रमशिला सेतु से होकर आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा।

# सीएम नीतीश कुमार की यात्रा के नाम में हुआ परिवर्तन महिला यात्रा की जगह अब प्रगति यात्रा दिया गया नाम

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 23 दिसंबर से बिहार के हर जिलों की यात्रा करेंगे यात्रा की शुरुआत पश्चिमी चंपारण बेतिया बाल्मीकि नगर से शुरू होगी



**पटना।** सीएम नीतीश कुमार की यात्रा का नाम प्रगति यात्रा की गई है बताते चलें कि सीएम नीतीश कुमार की यात्रा 15 दिसंबर से होने वाली थी जिसका नाम महिला जन संवाद यात्रा रखी गई थी लेकिन अब यात्रा की तारीख में परिवर्तन किया गया है साथ ही यात्रा का नाम भी परिवर्तित कर दिया गया है मंत्रिमंडल सचिवालय के तरफ से पत्र जारी घोषणा की गई है। 23 दिसंबर को पश्चिमी चंपारण बेतिया 24 दिसंबर पूर्वी चंपारण मोतिहारी 25 दिसंबर अवकाश 26 दिसंबर शिवहर सीतामढ़ी 27 दिसंबर मुजफ्फरपुर 28 दिसंबर को वैशाली में जाएंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रथम चरण में इन जिलों की यात्रा करेंगे। सीएम नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान समीक्षात्मक बैठक में संबंधित जिले के प्रभारी मंत्री एवं जिले के निवासी मंत्री उपस्थित रहेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा इन महानुभावों से समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने को लेकर अनुरोध किया जाय। इसके अतिरिक्त समीक्षात्मक बैठक में मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक तथा निर्धारित विषयों से संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव बैठक में उपस्थित रहेंगे, जिसकी सूचना उन्हें ससमय उपलब्ध करा दी जायेगी, जबकि संबंधित विभागों के माननीय मंत्रिगण तथा अन्य पदाधिकारिगण इन समीक्षात्मक बैठकों में वी०सी० के माध्यम से जुड़ेंगे। अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव भी उक्त कार्यक्रम में वी०सी० के माध्यम से भाग लेंगे। इन समीक्षात्मक बैठकों में स्थानीय सांसद, स्थानीय विधायक, स्थानीय पार्षद स्वेच्छा से भाग ले सकेंगे, परंतु समीक्षा के बिन्दु निर्धारित विषय-वस्तु के अंतर्गत ही होंगे। समीक्षा से संबंधित प्रपत्र बिहार विकास मिशन से प्राप्त किया जा सकेगा। संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी इस कार्यक्रम की सुरक्षा तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगे। अतः अनुरोध है कि 'प्रगति यात्रा' के दौरान निर्धारित किए गए विषयों/आयोजनों एवं समीक्षा बैठकों में सभी संबंधित पदाधिकारिगण पूर्ण तैयारी के साथ ससमय उपस्थित रहने की कृपा करेंगे। 23 दिसंबर से नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर निकलेंगे, अपनी यात्रा का नाम मुख्यमंत्री ने बदला।

# अपनी मांगों के समर्थन में बेमियादि हड़ताल पर जाएंगे राइस मिल के संचालक

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार स्टेट राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार उर्फ राजू गुप्ता ने कहा कि। अगर सरकार बिहार के उसने मिल के मालिकों की समस्या का समाधान नहीं करती है तो विवश होकर बिहार के तमाम राइस मिल के संचालक अपना मिल बंद करके हड़ताल पर जाएंगे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को देखते हुए आपने राज्य में महत्वकांक्षी योजना उसना राइस मिलिंग कराकर उपभोक्ताओं को खिलाने का निर्णय लिया है। जिसकी हम सभी स्वागत करते है। और आपकी महत्वकांक्षी योजना के लिए हम सभी मिलर पूरे बिहार उसना मिल आपकी धान खरीदारी का शत प्रतिशत मिलिंग करने के लिए पूंजी निवेश कर मिल भी लगा लिए हैं। उसना राइस वितरण से बिहार के उपभोक्ता भी खुश है। बिहार के उसना मिलर तीन साल तक किसी तरह मिलिंग कर सरकार का साथ दे रहे हैं। पूर्व फूड सेक्रेटरी ने मिलर से मीटिंग कर कहा था कि आपलोंग मिलिंग करिए हमलोग इसको देखते हैं। मुख्यमंत्री भी कई मीटिंग में उसना मिल लगाने एवं उसमें आ रहे कठिनाइयों को दूर करने के लिए निर्देश दिया था। परंतु अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लेने से मिलर को मिलिंग करने में मुश्किल हो रहा है मिलर की स्थिति काफी दयनीय होती जा रही है। उन्होंने कि उसना मिल लगाने में अरवा मिल से दस गुणा अत्यधिक पूंजी निवेश होता है। उसना चावल तैयार करने पर पर बिजली बिल अरवा चावल के अपेक्षा चार गुणा अत्यधिक लगता है। उसना चावल तैयार में बायों प्रोडक्ट भूसी भी बॉयलर में धान उसीनने एवं सुखाने के लिए जाता है। जबकि सरकार द्वारा मात्र 20 रु क्विंटल ही मिलिंग चार्ज दिया जाता हैं। वो भी मिलिंग चार्ज व्यवहारिक रूप से पैक्स द्वारा मिलर को नहीं दिया जाता है। जबकि मिलिंग करने में 200 रु क्विंटल बिजली बिल एवं मशीनरी पार्ट पर खर्च आता है। मिल लगाने में पूंजी जो लगा है उसका भी डिफिशिएशन लगता है, लेबर, स्टाफ एवं अन्य खर्च भी मिलर को उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बिहार के बाहर छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं अन्य प्रदेशों में अरवा मित पर राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि 120 रु क्विंटल तक देकर मिलिंग करा रही हैं। अब बिहार में भी उसना मिलिंग पर राइस उद्योग बचाने के सरकार से प्रोत्साहन राशि 150 रु प्रति क्विंटल मिलर को लेने की आवश्यकता है। इसके लिए बिहार के सभी मितर चिंतित है और मीटिंग कर सरकार को अपनी पीड़ा बताने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि राइस उद्योग बचाने के लिए मिलिंग चार्ज पर 150 रु प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि एवं मिलिंग चार्ज सीधे मिलर के खाते में दिया जय। इस मौके पर आनंद सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, रामचंद्र प्रसाद, मुन्ना सिंह, रणजीत सिंह, सहित राज्य भर के राइस मिल के संचालक मौजूद होकर हड़ताल पर जाने पर सहमति जताई।

## छत्तीसगढ़ की सरेंडर पॉलिसी को पूरे देश में लागू करके हथियार छोड़ने वाले युवाओं को समाज में पुर्नस्थापित किया जाएगा



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में हथियार छोड़ कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान शाह ने साफ तौर पर स्पष्ट किया कि, 'हिंसा में लिप्त लोगों को मारना रास्ता नहीं है, बल्कि जिन लोगों ने हथियार उठा रखे हैं, उन्हें मेनस्ट्रीम में वापिस लाना है।' साल 2019 तक कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में हथियार लेकर हिंसा का रास्ता अपनाने वाले युवाओं ने प्रभावित क्षेत्रों को विकास से कोसों दूर रखा हुआ था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और अंत्योदय की राजनीति करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में यह तय किया गया कि जो लोग हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें मौका दिया जाएगा। यदि आँकड़ों पर नजर डालें तो स्पष्ट पता चलता है कि 2019 से 2024 तक सिर्फ पूर्वोत्तर में ही 9,000 से अधिक लोगों ने हथियार छोड़कर सरेंडर किया है। नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में भी कई युवाओं ने सरेंडर किया है और अब भारत सरकार ऐसे लोगों और नक्सलवाद से पीड़ित लोगों के कल्याण के लिए समग्र योजना बना रही है। महज एक साल के अंदर छत्तीसगढ़ में 837 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

# भारत अगले पांच वर्षों के भीतर सबसे बड़ा ईवी विनिर्माण केंद्र बनेगा : नितिन गडकरी

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** भारत के अग्रणी मीडिया हाउस, नेटवर्क18 ने अपने वार्षिक कॉन्क्लेव ग्रीन भारत के पहले संस्करण का आयोजन सफलता पूर्वक पूरा किया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन भारत की सबसे बड़ी शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ईवी के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों के बारे में बात करते हुए टिकाऊ परिवहन के लिए भारत में बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ना और साथ ही ईवी के व्यापक रूप से अपनाने की राह में बाधा डालने वाली चुनौतियों से निपटना है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम नीति निर्माताओं, विनिर्माताओं, उद्योग के दिग्गजों और पर्यावरण संरक्षणकर्ताओं को भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य के लिए एक एकीकृत रोडमैप तैयार करने के लिए एक साथ एक मंच पर लेकर आया। सम्मानित अतिथियों में नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में बोलते हुए, नितिन गडकरी ने जोर देते हुए कहा, "पिछले कुछ वर्षों में, हरित परिवहन क्षेत्र में अविश्वसनीय प्रगति हासिल की है। ज्ञान और संपत्ति के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या के साथ, मुझे पूरा भरोसा है कि भारत अगले पांच वर्षों के भीतर सबसे बड़ा ईवी विनिर्माण केंद्र बन जाएगा।" पीयूष गोयल ने इस भावना को प्रतिध्वनित करते हुए कहा, "भारत की हरित परिवहन क्रांति अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, फेम 1 और 2 जैसी परिवर्तनकारी पहलों द्वारा संचालित यह क्रांति ईवी उद्योग को आत्मनिर्भर और खुद को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सशक्त बना रही है। कार्यक्रम की सफलता पर बोलते हुए, अविनाश कॉल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, नेटवर्क18 (ब्रॉडकास्ट) और मैनेजिंग डायरेक्टर, ने कहा, "परिवहन में भारत एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ा है, जो एक स्थायी और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित है।

# आगामी बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का कर्टन रेज़र कार्यक्रम पटना में आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा आज पटना स्थित होटल मौर्या में आगामी बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का कर्टन रेज़र कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 19-20 दिसंबर 2024 को पटना के ज्ञान भवन में होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के औद्योगिक और उद्यमशील विकास को बढ़ावा देना है। यह भव्य कार्यक्रम 19-20 दिसंबर, 2024 को ज्ञान भवन, पटना में आयोजित होगा और बिहार को एक बार पुनः आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करेगा। बिहार बिजनेस कनेक्ट- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत 2023 में हुई थी, जिसमें देश विदेश के 600 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया था। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 एक ऐतिहासिक पहल रहा, जिसका उद्देश्य राज्य के औद्योगिक और उद्यमशील विकास को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम पिछले वर्ष माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में 13 एवं 14 दिसंबर, 2023 को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित की गई थी, जिसमें माननीय उप मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों, देश के प्रमुख निवेशक तथा उद्योगपतियों ने भाग लिया था, जैसे - अडानी ग्रुप से प्रणव अडानी, आई.ओ.सी.एल. की शुक्ला मिस्त्री, नाहर ग्रुप ऑफ इन्डस्ट्रीज के कमल ओसवाल, गोदरेज ग्रुप के राकेश स्वामी, माईक्रोमैक्स बायोफ्यूल्स के राजेश अग्रवाल, हाई स्पिरिट कॉमर्शियल वेन्चर्स के तुषार जैन, ए.एम.डी. के हसमुख रंजन, टाईगर एनालिटिक्स के महेश कुमार, एक्सेंचर के प्रशान्त कुमार, व सुपरसेवा ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. की कुमुद शर्मा, सहित सैकड़ों उद्योगपतियों ने भाग लिया था। पिछले वर्ष आयोजित दो दिवसीय समिट के दौरान कुल 50,530 करोड़ रुपए निवेश के 278 प्रस्ताव का एमओयू साइन किया गया था जिसमें 38000 करोड निवेश राशि की 244 परियोजनाएं धरातल पर क्रियान्वित हो चुकी हैं। इस निवेश ने राज्य में उद्योगों के विकास को गति प्रदान किया है एवं रोजगार के अनेकों अवसर का सृजन किया है। पिछले वर्ष के बिहार बिजनेस कनेक्ट की सफलता को देखते हुए उद्योग विभाग, बिहार सरकार एकबार फिर इस कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। बिहार, जो कभी अपने कृषि विरासत के लिए जाना जाता था, अब औद्योगिक परिवर्तन, उद्यमिता और बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बन रहा है।

**कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण**-इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, श्री नीतीश कुमार, राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री, प्रमुख उद्योगपति, नीति-निर्माता और क्षेत्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बिहार को उद्योगों और निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की क्षमता को उजागर करना है।

**रणनीतिक दृष्टि और नीतिगत ढांचा**-बिहार सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई सुधार और नीतिगत पहल की हैं:

- **बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति (BIIPP-2016):** औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कर छूट, सब्सिडी और प्रोत्साहन की एक व्यापक नीति।
- **क्षेत्र-विशेष नीतियां:** कपड़ा, चमड़ा, लॉजिस्टिक्स, बायोफ्यूल, आईटी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च-क्षमता वाले उद्योगों में केंद्रित निवेश।
- **स्टार्टअप बिहार नीति:** 500 करोड़ के फंड के साथ नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना।
- **निर्यात प्रोत्साहन नीति:** विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZs) और एक्सपोर्ट पैकहाउस जैसी सुविधाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देना।

सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम और निवेशक-अनुकूल प्रशासन के जरिए बिहार ने Ease of Doing Business को प्राथमिकता दी है।

**बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के मुख्य फोकस क्षेत्र**

**विनिर्माण क्षेत्र में क्रांति**

**बिहार में विनिर्माण क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है:**

- **बैग निर्माण और कपड़ा क्लस्टर:** मुजफ्फरपुर और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में बिहार की सिल्क विरासत और लागत लाभ का लाभ उठाना।
- **सैन्य जूता निर्यात:** हाजीपुर वैश्विक बाजारों के लिए सुरक्षा जूते निर्माण का प्रमुख केंद्र बन चुका है।
- **इथेनॉल संयंत्र:** अनाज आधारित इथेनॉल उत्पादन में बिहार अग्रणी है, जो भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान दे रहा है।
- **खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ:** बिहार की कृषि शक्ति का उपयोग कर मूल्य-वर्धित उत्पाद तैयार करना और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देना।

**उद्यमिता को सक्षम बनाना**

**राज्य ने MSMEs और स्टार्टअप को सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं:**

- महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांग उद्यमियों को 10 लाख तक की वित्तीय सहायता।
- **स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर:** IIT पटना, NIFT पटना और अन्य संस्थानों में 21 से अधिक इनक्यूबेशन हब नवाचार और स्टार्टअप को आधार प्रदान कर रहे हैं।
- **बी-हब कोवर्किंग स्पेसेस:** पटना और पूर्णिया में किफायती प्लग-एंड-प्ले स्पेस उभरते उद्यमों को समर्थन प्रदान करते हैं। इन योजनाओं से महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे लाने और नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने की दिशा में समावेशी विकास सुनिश्चित हो रहा है।

**बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी**

**बिहार में बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है:**

- **परिवहन:** बिहार का सड़क घनत्व भारत में तीसरे स्थान पर है, जिससे व्यापार और परिवहन में आसानी होती है।
- **ऊर्जा:** 700 मेगावाट से बढ़कर 7,000 मेगावाट तक की ऊर्जा क्षमता, ऊर्जा दक्षता और स्मार्ट मीटरिंग में अग्रणी।
- **आईटी बुनियादी ढांचा:** आईटी पार्क और आगामी डेटा सेंटर डिजिटल विकास को बढ़ावा दे रहे हैं।
- **लॉजिस्टिक्स पार्क:** पटना में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (MMLP) जैसे प्रोजेक्ट आपूर्ति श्रृंखला को एकीकृत समाधान प्रदान करते हैं।
- **शैक्षणिक संस्थान:** IIT, NIT और IIM जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ 55 इंजीनियरिंग कॉलेज कुशल श्रमशक्ति तैयार कर रहे हैं।

**वैश्विक कनेक्टिविटी और निर्यात की संभावना**-बिहार वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है:

- **इनलैंड कंटेनर डिपो (ICD):** बिहटा में स्थित ICD एकीकृत लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और मल्टीमॉडल परिवहन की सुविधा देता है।
- **विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZs):** नवानगर (बक्सर) और कुमारबाग (पश्चिम चंपारण) में SEZs निर्यात-उन्मुख उद्योगों के लिए विशेष अवसर प्रदान करते हैं।
- **इर्रेडिएशन सेंटर और एक्सपोर्ट पैकहाउस:** कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारकर निर्यात को बढ़ावा देना।

**सामाजिक प्रभाव और रोजगार सृजन-** औद्योगीकरण ने बिहार के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव डाला है

- **रोजगार के अवसर:** नए उद्योगों ने विभिन्न क्षेत्रों में हजारों नौकरियां सृजित की हैं।
- **महिला सशक्तिकरण:** मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना महिलाओं को व्यवसाय स्थापित करने में सक्षम बना रही है।
- **कौशल विकास:** शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी कुशल श्रमशक्ति की आपूर्ति सुनिश्चित करती है।

**बिहार बिज़नेस कनेक्ट के मुख्य कार्यक्रम**

**पहला दिन: 19 दिसंबर, 2024**

- **उद्घाटन सत्र:** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। प्रारंभिक MoU साइनिंग और 4-5 क्षेत्र-विशेष सत्र होंगे। MSMEs और स्टार्टअप पर विशेष चर्चा होगी।

**दूसरा दिन: 20 दिसंबर, 2024**

- **CEO राउंडटेबल:** बिहार सरकार के माननीय मंत्रीगणों एवं वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा होगी।
- **मुख्य MoU साइनिंग:** माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, श्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में प्रमुख MoU पर हस्ताक्षर किये जायेंगे।
- **प्लेनरी सत्र:** बिहार की औद्योगिक क्षमता और नीतिगत ढांचे पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा की जाएंगी।

**निष्कर्ष**-बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि यह बिहार की औद्योगिक क्रांति का सशक्त उद्घोष है। अपने प्रचुर संसाधनों, कुशल श्रमशक्ति और निवेशक-अनुकूल नीतियों के साथ बिहार उद्यमियों, नीति-निर्माताओं और वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित करता है। परंपरा, नवाचार और अवसर के अद्वितीय संयोजन के साथ बिहार भारत की आर्थिक पुनर्जागरण की दिशा में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### फतुहा मंडल अध्यक्ष बनाने में हांफ रहे हैं कर्णधार,कई गुट में बंटे हुए है लोग

**फतुहा।** संगठन से शक्ति एवं कुशल प्रबंधन के बूते जन जन तक पहुंच सुनिश्चित करने वाली पार्टी में इन दिनों सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा। भाजपा मंडल अध्यक्ष का चुनाव का समय सीमा 15 दिसंबर बीत जाने के बावजूद चुनाव न होना इसके कई कारण बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ लोगों ने स्वयं कोर कमेटी बना लिया है जिसने भाजपा को टुकड़े-टुकड़े कर दिया है। पिछले बार कोर कमेटी द्वारा ही मंडल अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। आज यही कारण है कि अधिकांश कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को नाम तक नहीं जानता। पटना में एक भी मुद्रा योजना के तहत ऋण नहीं मिला है। यहां तक कि किसी बैठक का भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल को जानकारी तक नहीं दी जाती है। बताया जाता है कि भाजपा के पुराने क्रांतिकारी गोपाल प्रसाद जी को बैठक में कोई जानकारी नहीं दी जाती है। गोपाल जी बाबरी मस्जिद को ध्वस्त करने में महत्व पूर्ण भूमिका रही है। यह सब है कोर कमेटी का कमाल।

### " वन नेशन वन इलेक्शन " से आर्थिक विकास को गति मिलेगा : चिराग पासवान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज देश की संसद में " वन नेशन वन इलेक्शन " को सदन के पटल पर रखा गया है। इस विधेयक से बार-बार चुनाव होने से सरकार के खर्च में कमी आएगी, जिससे भारत के आर्थिक विकास को गति मिलेगा और होने वाले बचत से देश की जनता को इसका लाभ मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि यह (एक राष्ट्र एक चुनाव) किस तरह संविधान विरोधी है? विपक्ष इतने समय से केवल रट्टा मार रहे हैं कि यह संघीय ढांचे के खिलाफ है, लेकिन यह कैसे संघीय ढांचे के खिलाफ यह तो बताएं। अगर देश में एक साथ चुनाव हो रहे हैं तो कैसे संघीय ढांचे पर प्रभाव हो रहे हैं? क्या आंध्र प्रदेश में एक क्षेत्रीय दल की जीत नहीं हुई? विपक्ष माहिर है झूठ बोलने में। छोटे दल भी इसका समर्थन कर रहे हैं, अफवाह फैलाना गलत है। आज की तारीख में जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता है। आगे चिराग ने कहा कि 'वन नेशन -वन इलेक्शन' देश के लिए जरूरी है। सभी लोग देश का विकास चाहते हैं , हर समय चुनाव से देश का नुकसान हो रहा है। एक साथ चुनाव होने से पांच सालों तक देश के विकास को गति दी जा सकेगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

### फीडर सोलराइजेशन योजना के लिए किसान, फर्मों एवं बैंकों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**पटना।** फीडर सोलराइजेशन योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए विद्युत भवन में किसान/फर्म एवं बैंकों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित किसानध्फर्म द्वारा अपने खेतों में सोलर प्लांट इंस्टॉल करने के संबंध में कई आवश्यक जानकारियां प्राप्त की गई, उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर बैंकों और बीएसपीजीसीएल के अधिकारियों द्वारा दिया गया। इस दौरान बीएसपीजीसीएल द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पीएम कुसुम (फीडर सोलराइजेशन) योजना से जुड़े हर पहलू की विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि आवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए निविदा प्रसंस्करण शुल्क 590 रुपये व निविदा शुल्क 11,800 रुपये जमा करना होगा। इसके साथ ही अग्रिम धनराशि बैंक गारंटी अथवा डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रति मेगावाट 1,00,000 रुपये की दर से उपकेंद्र-वार जमा करना होगा। सोलर प्लांट लगाने के लिए किसानों के पास प्रति मेगावाट 4 एकड़ जमीन होनी चाहिए। जमीन की व्यवस्था किसान लीज पर भी कर सकते हैं। प्रति मेगावाट कुल लागत 5 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। जिसमें 1.50 करोड़ रुपए सरकार की ओर से अनुदान के रूप में दिया जाएगा। जमीन अपने क्षेत्र के संबंधित उपकेंद्र से लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में हो। किसानों को बताया गया कि आवेदन की अंतिम तिथि 24 दिसंबर 2024 है। इस परियोजना का कार्य 12 महीनों के भीतर संपन्न करना होगा। संवाद कार्यक्रम में बीएसपीजीसीएल के मुख्य अभियंता दिलीप कुमार एवं निदेशक एके सिंह उपस्थित थे। इस संवाद कार्यक्रम में भाग लेने वाले बैंकों में एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक प्रमुख थे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रहित में, विपक्ष का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण : राजीव रंजन

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड की सहमति वन नेशन वन इलेक्शन पर पहले से ही है । इस बिल पर विपक्ष का लोकसभा में रवैया बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस फैसले से लोकतंत्र में मजबूती आएगी एवं सरकार की योजनाओं और नीतियों में निरंतरता बनी रहेगी । उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव में होने वाली फिजूल खर्ची पर भी रोक लगेगी। श्री प्रसाद ने कहा कि आजादी के बाद छठे दशक के उत्तरार्ध तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होते थे । असमय राज्य सरकारों के पतन एवं विधानसभाओं के चुनाव की वजह से हर समय देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव होने लगे। उन्होंने कहा कि अगर एक बार फिर से यह लागू होता है तो भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता को बनाए रखने में कारगर साबित होगी।

### युद्ध नायकों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : युवा कांग्रेस

**पटना।** पटना के गर्दनीबाग चौराहा पर 1971 के ऐतिहासिक विजय की विरासत पर हमला और हमारे युद्ध नायकों का अपमान बर्दाश्त नहीं करने के मुद्दों को लेकर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा नरेंद्र मोदी व अमीत साह कों सैनिकों से माफी मांगना चाहिए मोदी सरकार द्वारा सेना मुख्यालय से पाकिस्तान के आत्मसमर्पण की प्रतिष्ठित तस्वीरों को हटाना हमारे देश के गौरवशाली इतिहास के प्रति उनकी उदासीनता और नकारात्मक दृष्टिकोण को दशार्ता है। यह केवल तस्वीरों का हटाना नहीं, बल्कि हमारे नायकों की वीरता और बलिदान के प्रति अपमान है। युवा कांग्रेस मांग करती है तस्वीर को पुनः स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा 1971 में शहीद हुए सैनिकों का तस्वीरों हटाना घोर अपमान है। युवा कांग्रेस का एक- एक कार्यकर्ता एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ेंगे यह तस्वीर हटाना मोदी सरकार की ओछी मानसिकता का प्रमाण है। इस मौके पर राहुल पासवान, सूरज कुमार, अमित सिकन्दर, अमित सूडू, विवेक चौबे, प्रिन्स कुमार आदेश सिंह, बंसत कुमार, सरफराज, ताबीज, चौधरी चरण सिंह, भोला सिंह, सोनू अग्रवाल, समेत दर्जनों युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# पूर्वी क्षेत्र का सबसे बड़ा ग्रॉथ इंजन बन सकता है बिहार : नीतीश मिश्रा

नई सोच एक्सप्रेस

» आगामी बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का कर्टन रेजर कार्यक्रम आयोजित

**पटना।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा आज पटना स्थित होटल मौर्या में आगामी बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का कर्टन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 19-20 दिसंबर 2024 को पटना के ज्ञान भवन में होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस मौके पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में उद्योग को लेकर आधारभूत संरच्ना का विकास हुआ है। यहां की सबसे बड़ी खासियत हे कि यहां सड़क बिजली व विधि व्यवस्था के साथ साथ हमारी उद्योग नीति की पूरे देश भर में सराहना हो रही है। जल्द ही पूर्वी भारत का ग्राथ इंजन बिहार बन सकता है। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के औद्योगिक और उद्यमशील विकास को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम 19-20 दिसंबर, 2024 को ज्ञान भवन में आयोजित होगा और बिहार को एक बार पुनः आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री,नीतीश कुमार, राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री, प्रमुख उद्योगपति, नीति-निमार्ता और क्षेत्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बिहार को उद्योगों और निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की क्षमता को उजागर करना है। इस मौके पर उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयशी ने कहा कि बिहार बिजनेस कनेक्ट- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरूआत 2023 में हुई थी, जिसमें देश विदेश के 600 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया था। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023एक ऐतिहासिक पहल रहा, जिसका उद्देश्यन राज्य के औद्योगिक और उद्यमशील विकास को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम पिछले वर्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में 13 एवं 14 दिसंबर, 2023 को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित की गई थी, जिसमें उप मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों, देश के प्रमुख निवेशक तथा उद्योगपतियों ने भाग लिया था। पछले वर्ष आयोजित दो दिवसीय समिट के दौरान 50,530 करोड़ रुपए निवेश के 278 प्रस्तावि का एमओयू साइन किया गया थाजिसमें 38000 करोड निवेश राशि की 244 परियोजनाएं धरातल पर क्रियान्वित हो चुकी हैं। इस निवेश ने राज्य में उद्योगों के विकास को गति प्रदान किया है एवं रोजगार के अनेकों अवसर का सृजन किया है। पिछले वर्ष के बिहार बिजनेस कनेक्ट की सफलता को देखते हुए उद्योग विभाग, बिहार सरकार एकबार फिर इस कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। बिहार, जो कभी अपने कृषि विरासत के लिए जाना जाता था, अब औद्योगिक परिवर्तन, उद्यमिता और बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बन रहा है। इस मौके पर उद्योग निदेशक आलोक रंजनघोष ने बताया कि पहले दिन 19 दिसंबरको उद्घाटन सत्र में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। प्रारंभिक एमओयू साइनिंग और 4-5 क्षेत्र-विशेष सत्र होंगे। एमएसएमई और स्टार्टअप पर विशेष चर्चा होगी। दूसरे दिन सीईओ राउंडटेबल मेंबिहार सरकार के मंत्री एवं वरीय पदाधिकारियोंके नेतृत्व में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा होगी। मुख्य एमओयू साइनिंग में मुख्यमंत्री, बिहारनीतीश कुमार की उपस्थिति में प्रमुख एमओयम पर हस्ताक्षिर किये जायेंगे। वहीं प्लेनरी सत्र में बिहार की औद्योगिक क्षमता और नीतिगत ढांचे पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा की जाएंगी। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि यह बिहार की औद्योगिक क्रांति का सशक्त उद्घोष है। अपने प्रचुर संसाधनों, कुशल श्रमशक्ति और निवेशक-अनुकूल नीतियों के साथ बिहार उद्यमियों, नीति-निमार्ताओं और वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित करता है। इस मौके पर विभाग के निदेशक तकनीति शेखर आनंद, निदेशक हस्तकर्घा निखिल धनराज निपानिकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीजेपी एनआरआई सेल कार्यालय में कैंप लगाकर बना जरुरतमंदों का आयुष्मान कार्ड



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मंगलवार को कंकड़बाग स्थित बीजेपी एनआरआई सेल कार्यालय में आयुष्मान भारत योजना के तहत कैंप का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत सैकड़ों स्थानीय लोगों का कार्ड मुफ्त में बनाया गया। कार्ड बनने के बाद लोगों के चेहरे पर संतुष्टि के भाव नजर आए। सभी ने बीजेपी एनआरआई सेल के प्रयास की तारीफ की और कहा कि मोदी सरकार की इस योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है। इस मौके पर जानकारी देते हुए बीजेपी एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा ने कहा कि मेरे कंकड़बाग स्थित कार्यालय पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वृहद् जन जन के स्वास्थ्य को लाभ दिलाने वाली ह्ल आयुष्मान योजना ह्ल को और जन जन तक पहुंचाने के लिए आयुष्मान कार्ड कैम्प लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपना कार्ड बनवाया। साथ ही उन्होंने बताया कि ये कैंप फिलहाल रोज चालू रहेगा, छूटे हुए लोग कभी भी कार्यालय में आकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गरीब परिवार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की इस योजना से चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो देश के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में 5 लाख तक इलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से हम प्रदेश के नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विजय दिवस पर पत्रकारों को मिला जन प्रहरी सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** 1971 के भारत पाक युद्ध में भारत के शानदार जीत की स्मृति में आयोजित विजय दिवस के अवसर पर नरेंद्र मोदी विचार मंच ने बिहार के दो पत्रकारों को जन प्रहरी सम्मान से नवाजा है। विजय दिवस का आयोजन पटना सिटी के मंगल तालाब स्थित बिहार हितैषी पुस्तकालय में किया गया था । इस अवसर पर मिशन न्यू इंडिया के बैनर तले पूर्व सैनिकों और महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। पटना की महापौर श्रीमती सीता शाहु ने भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव और देश के जाने-माने क्राइम रिपोर्टर एस एन श्याम को पुष्पहार और मेडल देकर सम्मानित किया । प्रसिद्ध साहित्यकार, पत्रकार और फिल्म निर्माता प्रभात वर्मा को पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने मेडल देकर सम्मानित किया। विजय दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि सनातन की रक्षा के लिए भारतवासियों के बिखराव को रोकना होगा। आक्रांताओं के कार्रवाई का जवाब सक्रिय और सशक्त तौर पर देने की गंभीर आवश्यकता है। उन्होंने देशवासियों से अपील किया की ब टना नहीं है नहीं तो कटने से कोई नहीं रोक सकता ।श्री यादव ने कहा एक रहेंगे तभी सेफ रहेंगे। इस कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि भाई चाणक्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए भारतवासियों को संगठित रहने और जातिवाद के चंगुल से निकालने की अपील की। विजय दिवस समारोह को पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू ,न्यू इंडिया मिशन के महामंत्री सुशील कुमार ,,बोधगया की जिला पार्षद डॉक्टर ज्योति पासवान, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर अजय प्रकाश, राजनीतिक कार्यकर्ता विनोद कुमार इत्यादि ने भी संबोधित किया।

## प्रदेश की पूरी तरह से दुर्गति करके सरकार की प्रगति यात्रा : राजेश राठौड़

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा पर तीखा कटाक्ष करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की दुर्गति करने के बाद अब प्रगति यात्रा पर निकल रहे हैं सीएम नीतीश कुमार।उन्होंने कहा कि बिहार की पूरी तरह से दुर्गति करने के बाद महिला संवाद यात्रा निकालने के हिम्मत नहीं जुटा सकें। इसलिए अपने ही कार्यक्रम का पहले से तय नाम को परिवर्तित करके अब आमजनों के आंखों में धूल झोंकने के लिए प्रगति यात्रा की घोषणा की गई है।उन्होंने कहा कि पहले सीएम नीतीश कुमार महिला संवाद यात्रा पर निकलने वाले थे।उन्होंने स्वयं महिला संवाद यात्रा का नामकरण किया था।इसके लिए राजकोष से 200 करोड़ से अधिक की धनराशि उपलब्ध कराई गई।लेकिन प्रदेश में महिलाओं की जो वर्तमान बदतर हालात हैं,उसे देखते हुए तमाम सरकारी आडंबरों के बावजूद सीएम नीतीश कुमार महिला संवाद यात्रा पर नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार हर क्षेत्र में प्रदेश की दुर्गति करने के उपरांत प्रगति यात्रा का स्वांग रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा,स्वास्थ्य रोजगार समेत तमाम महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रगति के नाम पर दुर्गति के मिसाल कायम किए गए हैं। निर्माण क्षेत्र की तो बात ही छोड़िए,हर एक निर्माण उद्घाटन से पूर्व ध्वस्त होने की स्थिति में खुद ब खुद आ जाता है।इससे बड़ा प्रगति के नाम पर दुर्गति का दूसरा उदाहरण क्या हो सकता है? उन्होंने कहा कि इसी वजह से 2020 के चुनाव में सीएम नीतीश की पार्टी को बिहार में तीसरे नंबर की पार्टी जनता ने बना दिया। इसी प्रकार दुर्गति कर प्रगति यात्रा के नाम पर जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम जारी रहा तो 2025 में राजनीतिक रूप से जनता खुद ब खुद इस सरकार को जमींदोज कर देगी।

## विकास को गति देगा विजन डॉक्यूमेंट : चौरसिया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भाजपा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा है राज्य की एनडीए सरकार अगले 25 साल के लिए विजन डॉक्यूमेंट जारी करने की तैयारी में है जो सूबे के विकास को और गति प्रदान करेगा। मंगलवार को जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि अगले साल के अंत तक 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 24 लाख को रोजगार मुहैया कराना नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विपक्षी खेमा बदलाव की बयार को नजरअंदाज कर अनर्गल बयानबाजी कर रहा है। डॉ. चौरसिया ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राज्य की तरक्की और समृद्धि उन्हें फूटी आंखों नहीं सुहा रही है। मुफ्त रेवड़ियां बांटने की उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होगी। आगामी विधानसभा चुनाव के नतीजे उपचुनाव जैसे ही आएंगे। एनडीए सरकार के पक्ष में जनादेश तय है।

## श्रमिक जागरूकता शिविर आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** श्रम मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से श्रमिक जागरूकता शिविर का आयोजन बैकठपुर गौरी शंकर मंदिर में किया गया । शिविर को संबोधित करते हुये क्षेत्रिय निदेशक विनोद जोशी ने बताया कि श्रमिको के कल्याण के लिए दर्जनों योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें ई श्रम कार्ड, आभा कार्ड, लेवर कार्ड हर श्रमिको के पास होना अनिवार्य है । उन्होंने बताया कि सभी लोग अपना कार्ड बनबाने के लिए आगे आये । वही बैकठपुर पंचायत के मुखिया उचित राम ने कहा कि श्रमिको के कल्याण के लिए हर संभव सहयोग के लिए तैयार है । फाउंडेशन के सचिब गोपी कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर लोगो को जागरूक किया जायेगा । मौके पर वार्ड सदस्य शिव कुमार पासवान, सुनिल पांडेय, विष्णुदेव यादव ने भी अपना विचार प्रकट किया ।

# स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में हो रहे विकास को आमजन के समक्ष प्रस्तुत करने का सफल प्रयास है पुस्तक : राज्यपाल

नई सोच एक्सप्रेस

» स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा रचित पुस्तक आरोग्य पथ पर बिहार, जन स्वास्थ्य का मंगल काल का विमोचन

**पटना।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन के सभागार में आयोजित समारोह में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा रचित पुस्तक आरोग्य पथ पर बिहार, जन स्वास्थ्य का मंगल कालह्लह्ल का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ शहरों में ही केन्द्रित नहीं होकर गांवों तक भी पहुंचनी चाहिए। बिहार को सर्वदृष्टि से विकसित करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य प्रक्षेत्र का विकास आवश्यक है। बिहार के विकसित होने पर ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। राज्यपाल ने पुस्तक के लेखक मंगल पाण्डेय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद एक उत्कृष्ट पुस्तक का लेखन किया है, जो पठनीय है। उन्होंने इसके माध्यम से बिहार में स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में हो रहे विकास को आमजन के समक्ष प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है। श्री पाण्डेय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का गहरा प्रभाव है और इसके फलस्वरूप वे विषयों की स्पष्ट समझ और सकारात्मक सोच के साथ समाज व राष्ट्र हित के लिए सतत संघर्षरत हैं। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण के लिए प्रयासरत है। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग अपेक्षित है। हमें टी॰बी॰ मुक्त बिहार के लिए भी प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पुस्तक के लेखक एवं स्वास्थ्य और कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, प्रत्यय अमृत, बीएमजीएफ के कन्ट्री हेड हरि मेनन, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने भी संबोधित किया।

# शव सीमा विवाद में घंटों ट्रैक पर पड़ा रहा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** दुनिया भले मंगल ग्रह पर चला जाए लेकिन बिहार पुलिस के कार्यप्रणाली आज भी आदम युग का ही है । हरदासबीघा स्टेशन से महज सौ मीटर की दूरी पर एक युवक राजरानी एक्सप्रेस के चपेट में आकर दम तोड़ दिया । इसकी सूचना प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी को मिला । ये अपने स्वयंसेवक के साथ घटना स्थल पर पहुँचे शव क्षतविक्षत देखकर खुसरूपुर रेल थाना को फोन लगाया थानाध्यक्ष ने बताया कि यह क्षेत्र फतुहा रेल थाना के अधीन है जब फतुहा रेल थानाध्यक्ष को फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारा क्षेत्र हरदासबीघा रेलवे क्रॉसिंग तक ही है । और सीमा विवाद का खेल सुरु हो गया चार घँटा तक शव पड़ा रहा । रेल एसपी का फोन लगाने का प्रयास किया गया लेकिन बात नही हो सका । थक हार कर एसडीपीओ पंकज कुमार को घटना की जानकारी दी गई तब उनके पहल पर स्थानीय खुसरूपुर थाना ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । हैरत की बात है कि सीमांकन को आज तक दुरुस्त क्यो नही किया गया गया है ।दानापुर रेल मंडल के खुसरूपुर फतुहा रेलखंड के बीच मंगलवार को दो अलग-अलग जगहों पर ट्रेन से कट कर दो लोगों की मौत हो गयी। रेलवे स्टेशन के पूर्वी गुमटी के समीप रेलवे ट्रैक पर सुबह-सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गयी।जिंदा होने की उम्मीद में लोग पीएचसी ले गए,जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की जेब में मिले कागजात से उसकी पहचान बेगूसराय जिला के शंकरपुर निवासी बैकुंठ कुंवर के 36 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई।पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचित कर दिया।समझा जाता है कि सख्स की किसी तेज गति ट्रेन से गिरने की वजह मौत हो गई।वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के ही हरदासबीघा स्टेशन के पास दोपहर में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई।इस शव को उठाने के लिए रेल पुलिस और थाना पुलिस सीमा विवाद के कारण घंटों उलझी रही।इस दौरान क्षत विक्षत शव यूं ही ट्रैक पर पड़ा रहा।बाद में स्थानीय थाना ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया।मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मीरनगर निवासी नरेश पासवान के पुत्र 19 वर्षीय महाबली कुमार के रूप में हुई।घटना की सूचना प्राप्त होते ही स्वजन भी मौके पर पहुंच गए।इधर महाबली के घर में कोहराम मच गया।निधन की खबर से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण में गति लाने हेतु प्रमंडल स्तर पर समीक्षा बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य को लेकर दरभंगा एवं सारण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में विभाग के वरीय पदाधिकारी, अभियंतागण एवं कॉंट्रेक्टर भौतिक व ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। इस दौरान पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्तिथि की जानकारी ली गई। साथ ही कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। दरभंगा एवं सारण प्रमंडल में कुल 605 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण किया जाना है। सचिव के निदेशार्नुसार पंचायत सरकार भवन के निर्माण में गति लाने के लिए प्रमंडल स्तर पर समीक्षा की जा रही है। बैठक में सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि भवनों के निर्माण में आ रही समस्याओं की रिपोर्ट तैयार कर संबंधित रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेंगे। निदेशित किया गया है कि मुख्यालय स्तर पर पंचायत सरकार भवन से जुड़े सभी पेंडिंग कार्य का जल्द निष्पादन कराना सुनिश्चत करें। पंचायत सरकार भवन के निर्माण में तेजी लाने के लिए जिला एवं अंचल स्तर पर भी समीक्षा करने के लिए कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया। निदेशित किया गया कि अपडेटेड रिपोर्ट के साथ कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कॉन्ट्रेक्टर समीक्षा बैठक में हिस्सा लेंगे। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो इसका ध्यान रखा जाए। सचिव के द्वारा लगातार पंचायत सरकार भवन के निर्माण की समीक्षा एवं प्रतिदिन निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग की जा रही है। पंचायती राज विभाग द्वारा कुल 2615 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। पंचायत सरकार भवन का निर्माण सरकार की प्रमुख योजना है। अगले साल मई तक भवनों का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। पंचायत सरकार भवनों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन भवनों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण जनता को स्थानीय स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। प्रत्येक पंचायत भवन में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, सरपंच, राजस्व कर्मचारी समेत अन्य कर्मियों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था होगी।

संक्षिप्त समाचार

## बालू माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप में बड़ी करवाई

**छपरा**। सारण जिले में अवैध बालू माफियाओं को संरक्षण देने के मामले में सारण एसपी कुमार आशीष की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। दिघवारा थाना क्षेत्र में अवैध बालू माफियाओं के साथ सांठ-गांठ करने और दलाल के जरिए अवैध बालू ट्रक को पास कराए जाने की शिकायत पर जांच की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सोनपुर की जांच में आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर, दिघवारा थाना के थानाध्यक्ष, पु०अ०नि० रविशंकर कुमार और पु०अ०नि० राजू कुमार सिंह को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया। साथ ही दोनों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। इसके अतिरिक्त, डोरीगंज थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार को भी हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया। उनकी जगह साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक दिलीप कुमार को डोरीगंज थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। दिघवारा थाना में भी नए थानाध्यक्ष की पोस्टिंग की गई है, जहां पु०अ०नि० अंकित कुमार सिंह को कमान सौंपी गई है।

## रोजगार : 19 दिसम्बर को लगेगा छपरा में नियोजन कैम्प

**छपरा**। नियोजन कैम्प में NTTF बेंगलुरू द्वारा 35 वैकेंसी के विरुद्ध किया जायेगा पात्र लोगों का चयन नियोजन कैम्प में भाग लेने हेतु शैक्षणिक योग्यता 10 वीं,10+2, ITI रखी गई है। सहायक निदेशक (नियोजन) अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के द्वारा दिनांक-19.12.2024 को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन नियोजन कार्यालय , छपरा में किया जाएगा। इस नियोजन कैम्प में NTTF बेंगलुरू द्वारा 35 वैकेंसी के विरुद्ध पात्र लोगों का चयन किया जायेगा। रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी इस नियोजन कैम्प में भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। नियोजन कैम्प में भाग लेने हेतु शैक्षणिक योग्यता 10 वीं/10+2/ITI रखा गया है। वेतन न्यूनतम 14100-14300 होगा । जॉब लोकेशन बेंगलुरू होगा। नियोजन कैम्प में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि उनका निबंधन नियोजनालय में हो।नियोजनालय में निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाईन कर दी गयी है जो कि भारत सरकार के पोर्टल (www.ncs.gov.in) के माध्यम से होता है। कोई भी अभ्यर्थी घर बैठे अपना निबंधन इस पोर्टल के माध्यम से कर सकता है। साथ ही अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा कार्यालय में भी ऑनलाईन निबंधन हेतु संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपना नियोजनालय निबंधन इस पोर्टल पर आवश्यक रूप से करा लेंगे। नियोजन कैम्प में भी ऑनलाईन नियोजनालय निबंधन की व्यवस्था रहेगी।

## डॉ शाहिद आज़ाद जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत ज़िलें मे ख़ुशी की लहर



**समस्तीपुर**। ज़िलें के धरमपुर निवासी डॉ शाहिद आज़ाद को जनता दल यूनाइटेड का अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ शाहिद आज़ाद को मनोनयन पत्र जारी कर कहा है की आपके अनुभव एवं पार्टी के प्रति आपकी सच्ची निष्ठा को देखते हुए आपको बिहार प्रदेश जनता दल (यू०) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। संगठन को मजबूत, धारदार एवं गतिशील बनाने में आपकी सक्रिय भूमिका अपेक्षित है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप अपनी सार्थक भूमिका से पार्टी को नया आयाम देने और 2025 में लक्ष्य 225 को पूरा करने में हर संभव कोशिश करेंगे। डॉ शाहिद आज़ाद के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर समस्तीपुर ज़िलें मे ख़ुशी की लहर दौड़ गयी है, बधाई देने वालों मे ज़िलाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय,जदयू के प्रांतीय नेता तकी अख्तर, मनीष कुमार,जदयू कार्यालय प्रभारी सुबोध कुमार सिंह,कौशल सिंह, अनिल सिंह,मीडिया प्रभारी अनस रिज़वान, तौहीद अंसारी, मौलाना इज़हार अशरफ, समद खान,अशरफी सहनी, रज़ा अहमद समेत दर्ज़नो नेताओं ने बधाई देते हुए कहा है की डॉ शाहिद आज़ाद के मनोनयन से पार्टी मज़बूत होगी वहीं बिहार के मुखिया नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष को साधुवाद दिया है।

## 24 वा जिला सम्मेलन का संपन्न हुआ

**सुगौली**। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का दो दिवसीय 24वां जिला सम्मेलन कामरेड अरविंद कुमार नगर सुगौली में संपन्न हुआ। 16 दिसंबर से ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यह सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन के दौरान सर्वप्रथम खुला अधिवेशन को पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिंह के द्वारा झंडतोलन, शाहिद बेदी पर पुष्पर्पण के साथ प्रतिनिधि सत्र का शुरुआत कामरेड अशोक पाठक वजूल हक एवं निर्मल चांदनी के अध्यक्ष मंडल के द्वारा किया गया। जिसमें शोक प्रस्ताव ध्रुव त्रिवेदी ने अशोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।स्वागत समिति के मंत्री धनंजय पुरी के द्वारा स्वागत भाषण दिया किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कामरेड ललन चौधरी ने पार्टी संगठन एवं राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर विस्तार से बात रखते हुए देश में सांप्रदायिकता एवं कारपोरेट परक सरकार के विरोध में संघर्ष करने के आवश्यकता पर बल दिया। श्री चौधरी ने आने वाले दिनों में पार्टी के समक्ष जो चुनौतियां हैं। उससे मुकाबला करने के लिए ब्रांच स्तर पर मजबूती करते हुए छात्र नौजवानों महिलाओं के साथ-साथ मध्यम वर्ग को जोड़कर एक व्यापक गोलबंदी करने का आह्वान प्रतिनिधियों से किया। विगत 3 वर्ष का कार्यों का प्रतिवेदन जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिस पर 22 प्रतिनिधियों ने बहस में हिस्सा लेकर प्रतिवेदन को समृद्ध बनाते हुए सर्वसम्मति से पारित किया। साथी कॉमरेड मुकेश कुमार के द्वारा प्रमाण समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । सम्मेलन में कामरेड बंकिम चंद्र दत्त के संयोतकत्व में 9 प्रस्ताव पारित किए गए। अंत में 19 सदस्य जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें सत्येन्द्र कुमार मिश्र,राजमंगल प्रसाद, धनजयपुरी,अशोक पाठक,बंकिम चंद्र दत्त,मुकेश कुमार,हरेंद्र प्रसाद सिंह,संतोष कुमार,राजकिशोर सिंह,मोहम्मद जमालुदीन,संजीव कुमार दुबे,निर्मला चांदनी,उगम राम,सुरेश सिंह, मोहम्मद एजाजुल हक,ब्रजकिशोर गुप्ता,संतोष कुमार,अनिल प्रसाद एवं दिलीप कुमार, जिसमें कामरेड सत्येंद्र कुमार मिश्रा पुनः दूसरे कार्यकाल के लिए जिला सचिव पद पर निर्वाचित किए गए।समापन भाषण करते हुए राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड प्रभु राज नारायण राव ने किसानों मजदूरों सहित आम अवाम के सवाल पर मजबूती से आंदोलन खड़ा करने का आह्वान उपस्थित प्रतिनिधि से किया। राज्य सम्मेलन के लिए 9 प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया अंत में गगन भेदी नारों के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ।

# मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर सह रक्तदान शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**छपरा**। सारण जिला अंतर्गत मढ़ौरा प्रखण्ड के ओल्हनपुर पंचायत स्थित वुमेन हेल्थ क्लीनिक नयका बाजार में सामाजिक कार्यकर्ता, वर्ष 2024 के कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्डी व वुमेन हेल्थ क्लीनिक के निर्देशक तारिक़ अनवर ने साल 2024 का 5 वाँ व अब तक कुल 25 वाँ मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन सारण जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ राजू द्वारा किया गया। शिविर के आयोजक तारिक़ अनवर ने शिविर संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि पटना के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा लगभग 125 लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श देते हुए मुफ्त में दवा भी वितरण किया गया साथ ही पटना के पाल्म व्यू हॉस्पिटल व बल्ड सेंटर के सहयोग से बल्ड डोनेशन कैम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें 15 रक्तवीरों ने अपने रक्त का दान मानवता हित में अपना बहुमूल्य योगदान दिया । मुख्य चिकित्सक के रूप में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा व चिकित्सा पदाधिकारी डॉo बिल्किश जहां, पटना पीएमसीएच के जेनरल फिजिशियन डॉ रोहित निराला, डॉ भगवान साह, पटना एनएमसीएच के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शमीम अहमद, हिंद अस्पताल पटना के डायरेक्टर मंसूब आलम एक्यूप्रेशर थेरेपिस्ट स्पेशलिस्ट डॉ मेराज आलम व पाल्म व्यू हॉस्पिटल व बल्ड सेंटर के तरफ से मैनेजिंग इंचार्ज शहबाज आलम, इरशाद आलम उर्फ सीबू, शब्बू सलाम की टीम ने अपना सहयोग दिया। कैम्पा कोला के एरिया सेल्स एग्जीक्यूटिव जिशान हैदर व छपरा साहेबगंज अपोलो जांच केंद्र रिजवान अहमद ने शिविर के सहयोगी संस्था के रूप में अपना सहयोग दिया। रक्तदान करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता अफ़ाक आलम, इरफान अहमद, वरिष्ठ छात्र नेता शेख़ नौशाद, मोo आसिफ इमाम, मो. सारीम अंसारी, अमीर फैसल अंसारी, सुल्तान रजा, हामिद रजा, मेराज आलम, अख्तर अली, डॉo मोo अलाउद्दीन ने रक्तदान दिया. रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों के हौसला अफजाई के लिए आयोजक द्वारा एक प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## राजेंद्र स्टेडियम,छपरा में महिला फुटबॉल का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। शहर के राजेन्द्र स्टेडियम में सारण फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सारण खेल महोत्सव के दूसरे दिन एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। छपरा और सीवान के टीमों के बीच मैच खेला गया। इसमें सीवान टीम 4-1 से विजयी हुई। टूर्नामेंट में निर्णायक अमृतांशु भूषण, लाइन मैन सरिता कुमारी, जफरूला खान फोर्थ अम्पायर उमेश सिंह थे। कमेंट्री सुरेश सिंह, विभूति नारायण शर्मा और मनिंदर सिंह कर रहे थे। पारितोषिक वितरण समारोह में विजेता टीम को छपरा के अनुमंडल पदाधिकारी लक्ष्मण तिवारी ने ट्रॉफी प्रदान किया। उपविजेता टीम छपरा को सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर और प्रोफेसर पूनम सिंह ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान किया। बेस्ट खिलाड़ी का अवार्ड राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक विजय कुमार सिंह और व्यवस्था प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता ने दिया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि खेल से टीम भावना और अनुशासन के साथ शारीरिक व बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल राष्ट्रीय भावना से खेलें, हार जीत तो लगा ही रहता है। बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सदैव प्रशंसा के पात्र होते हैं एवं दर्शकों के बधाई के भी पात्र होते हैं।

## जिलाधिकारी ने किया नियोजन मेले का उद्घाटन



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने स्थानीय गांधी मैदान में एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इसके पश्चात नियोजन पक्ष, श्रम पक्ष एवं प्रशिक्षण पक्ष के विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों को टूल किट, स्टडी किट सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित श्रमिक एवं असंगठित मजदूर एवं उनके श्रमिकों को चेक वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने नियोजन मेला में मौजूद युवक, युवतियों को रोजगार प्राप्त करने एवं विभागीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन किया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्राप्त कर लौटे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि बिहार सरकार के प्रगतिशील सोच को सार्थक तौर पर एवं व्यावसायिक रूप एवं आयाम देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के अधिक बेरोजगारों को लाभ मिल सके। जिला नियोजन पदाधिकारी आकृति कुमारी द्वारा बताया गया कि स्थानीय गांधी मैदान के प्रांगण में जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 2112 अभ्यर्थियों ने भाग लिया गया, कुल 1333 अभ्यर्थियों ने 25 कम्पनियों के यहां बायोडाटा दिया। जिसमें 406 अभ्यर्थियों को परीक्षा साक्षात्कार अगले दौर के लिए शॉर्टलिस्टेड किया गया। उक्त नियोजन मेला में सफल बनाने के लिए जिला नियोजन पदाधिकारी आकृति कुमारी, जिला कौशल प्रबंधक संतोष कुमार, जिला कौशल विकास विशेषज्ञ नवीन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति जीविका जहानाबाद जिले के रतनी फरीदपुर के प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के प्रांगण में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य जिला के बेरोज़गार युवक-युवतियों को रोज़गार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है। मेले में नॉन मैट्रिक से लेकर ग्रेजुएशन/आई.टी.आई तक की शैक्षिणिक योग्यता वाले युवाओं ने हिस्सा लिया। कुल 12 कंपनियों ने अलग अलग पदों पर उम्मीदवारों के चयन के लिए अपने अपने स्टाल लगाये। इसके अलावा 2 प्रशिक्षण सहयोगी कंपनियों ने भी हिस्सा लिया। यह कंपनियां युवाओ को उनकी रूचि के अनुसार अलग अलग ट्रेड में प्रशिक्षित कर प्लेसमेंट करवाती है। रोजगार मेले का विधिवत उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका अनीता कुमारी एवं सी.डी.पी.ओ. दीपमाला कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर जीविका जिला स्तरीय अधिकारी, प्रबंधक रोज़गार अपराजिता कुमारी, प्रबंधक संचार, अर्चना कुमारी, प्रबंधक अधिप्राप्ति प्रिया कुमारी, प्रबंधक वित्त नीतेश कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक पुष्पलता कुमारी सहित जीविका के प्रखंड स्तरीय अन्य कर्मी उपस्थित थे। इस क्रम में वहां उपस्थित सभी उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक ने कहा कि जीविका के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन समय समय पर करवाया जाता रहा है। इससे युवओं को रोज़गार के अवसर मिलते हैं। उन्होंने आम जनों से आग्रह किया कि वह आयोजित रोज़गार मेले का भरपूर लाभ उठाएं। इस मेले में कुल 935 युवओं का निबंधन किया गया। इनमे से कुल 325 युवाओं का चयन सीधी भर्ती के लिये अगले चरण के लिए किया गया।

# एफआईआर से निर्दोष लोगों का नाम हटाने, गिरफ्तारी पर लगाने एवं घटना के जिम्मेवार सेफ्टी मैनेजर पर एफआईआर दर्ज करने को लेकर बंगरा थानाध्यक्ष से मिला जांच टीम-जीबछ पासवान

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर/ताजपुर**।ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव सह एमएलसी शशि यादव,ऐक्टू के राज्य सचिव रणविजय कुमार, ऐक्टू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस० के० शर्मा, भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह एवं खेग्रामस के राज्य उपाध्यक्ष जीबछ पासवान के नेतृत्व में भाकपा माले एवं ऐक्टू की दो दिवसीय संयुक्त राज्य स्तरीय जांच टीम ने सोमवार एवं मंगलवार को बहुचर्चित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री कांड की जांच की। जांच टीम फैक्ट्री प्रबंधक से मिलकर घटना का विस्तृत ब्योरा लिया। तत्पश्चात घटना स्थल एवं फैक्ट्री का निरिक्षण किया। जांच टीम ग्रामीणों से मिलकर घटना एवं फैक्ट्री प्रबंधन की भूमिका की भी जानकारी ली। टीम ने गिरफ्तार लोगों के परिजनों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत की। मुर्गियाचक, नूराचक, सरसौना वार्ड-13 आदि का दौरा भी किया। गिरफ्तारी के बाद विरोध करने पर छोड़े गये नाबालिग, पुलिस पिटाई के शिकार महिला-पुरूष से भी मुलाकात कर हालचाल जाना। तत्पश्चात विधायिका शशि यादव के नेतृत्व में जांच टीम ने बंगरा थानाध्यक्ष से मिलकर मजदूर के मौत की सूचना एवं शव को गायब करने की फिराक में लगे सेफ्टी मैनेजर आदित्य कुमार झा पर एफआईआर दर्ज करने, एफआईआर से निर्दोष लोगों का नाम हटाने, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने, श्रम कानून, प्रदूषण कानून, फैक्ट्री कानून आदि की धज्जियां उड़ाने वाले फैक्ट्री प्रबंधन पर जांच कर कारवाई करने आदि की मांग की। मौके पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए एमएससी शशि यादव ने कहा कि मृत्यु की सूचना नहीं छुपाया जाना, सदर अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करने के बाद गायब करने की नियत से अस्पताल से शव लेकर फरार होने वाले सेफ्टी मैनेजर पर कारवाई की गई होती तो ग्रामीणों का आक्रोश नहीं भड़कता और इतनी बड़ी घटना नहीं घटती। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन के मनमानी मनमानी एवं एक पक्षीय रवैया के कारण 2 अक्टूबर 2023 को फैक्ट्री में मुजफ्फरपुर के मनियारी निवासी ट्रक चालक मो० यूसूफ की मौत मामले में मुआवजा देने में वादाखिलाफी से भी नाराज थे। यदि ग्रामीणों की मांग के अनुसार पुलिस फैक्ट्री प्रबंधन पर कारवाई कर देती तो जनता उग्र नहीं होती। उन्होंने इस प्रशासनिक विफलता के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष चलाने की घोषणा की। ऐक्टू राज्य सचिव रणविजय कुमार ने कहा कि फैक्ट्री श्रम कानून, प्रदूषण कानून एवं फैक्ट्री कानून की धज्जियां उड़ा रही है। फैक्ट्री में न प्रशिक्षित वर्कर है और न ही बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर है। प्रदूषण से आसपास का गांव- टोला, खेत- खलिहान बर्बाद हो रहा है। इसे लेकर किसानों- ग्रामीणों में नाराजगी है जो कभी भी प्रस्फुटित हो सकता है। फैक्ट्री प्रबंधन इसे दूर करने करने को आगे बढ़ें। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, जिला कमिटी सदस्य आसिफ होदा, जयंत कुमार, प्रखंड कमिटी सदस्य प्रभात रंजन गुप्ता, शंकर महतो, मो० क्यूम, अर्जुन कुमार आदि उपस्थित थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# बिहार को अपने युवाओं पर भरोसा

**विकास वैभव का संदेश बिहार के युवा एक होकर एक दिशा में ऊर्जा लगाएं**



नई सोच एक्सप्रेस

**[ बिहार उस मोड़ पर खड़ा है जहां से आगे बढ़ने के सब दरवाज़े खुले पड़े हैं। अपने युवाओं की ओर एक उम्मीद से टकटकी लगा रहा कि वें अपनी मातृभूमि के लिए एक होकर जातिवादी बंधन को तोड़ डालेंगे और अपने बिहार के लिए कठिन परिश्रम करेंगे। वह समय आ गया है जब सब मिलकर जय बिहार से आसमान को गुंजायमान कर दें। ]** बिहार के लोग सदियों से अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशील रहते आएं है। इसी सांस्कृतिक विरासत परंपरा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराने में सफल भी है। बिहार की सुंदर संस्कृति और माता पिता के सुंदर संस्कार से युवाओं के हृदय की कोठरियों में जहां, मानवीय मूल्यों के फूल को खिलकर, सम्पूर्ण बिहार में उन तमाम फूलों की खुशबू फैल जानी चाहिए थीं। इसके विपरित युवाओं के हृदय में एक दूसरे के प्रति द्वेष, घृणा और नफ़रत की बीज बोने वाले इन लघुवादियों ने अपने विषबेल के बीजों को बोने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं। इसका बहुत भयावह परिणाम देखने को मिल रहा है। जातिवाद, क्षेत्रवाद और धर्मवाद जैसे लघुवाद में विभाजित युवा समाज अलग अलग दिशाओं में अपनी महत्त्वपूर्ण ऊर्जा को व्यय कर रही हैं। जिससे, बिहार के उत्थान में लगा रथ का पहिया एक जगह दशकों से स्थिर खड़ा हो कर तमाशाबीन हो गया है। यह रथ भी ऐसे सारथी की तलाश में हैं जो, बिहार के युवाओं को एकता के सूत्र में बांध कर, उन्हें सामूहिक रूप से अपनी ऊर्जा एक दिशा में रखने के लिए प्रेरित कर संके। युवाओं में बिहार गढ़ने की तमाम क्षमताएं विराजमान हैं। बिहार में युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु आईपीएस विकास वैभव संकल्पित है। जितने बेरोजगार युवक बिहार में हैं, सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं हैं। इसलिए उन्हें स्वावलंबन की ओर प्रेरित करना एक सराहनीय कदम है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की यात्रा से अन्य बौद्धिकों को जोड़ना होगा। यह पहली बार हो रहा है कि बिहार की आम जनमानस इतनी सक्रियता से एक सामाजिक संदेश को वृहत मंच पर ले जाने को तैयार हैं। एक सुखद अनुभूति यह है कि वैश्विक स्तर पर इस अभियान की पहचान भी बन रही हैं। युवाओं का एक होकर रहना बिहार की जरूरत है और स्वयं युवाओं का भविष्य भी है। कुछ बेहतर करने के लिए आपस में प्रेम का होना जरूरी है। प्रेम और सौहार्द से ही नव बिहार को गढ़ना संभव है। जब तक, आपस में मन नहीं मिलेगा तब तक बिहार के युवाओं को एक दिशा में रखना संभव नहीं। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के द्वारा बिहार अपनी खो रही समरस परंपराओं को वापस लाने में सफल हो रहा है। बिहार के युवाओं में असीम क्षमताएं विराजमान हैं। पर, उन तमाम युवाओं के सोचने, समझने और कार्य करने वाले गुणों को लघुवादियों ने गुलाम बना कर अपने वश में कर लिया हैं। जातिवाद एक ऐसा दीमक हैं जो, धीरे–धीरे पूरे बिहार के समाज को चाटते जा रहा है, नतीजन बिहार में प्रेम और सौहार्द खोखला हो रहा है। स्वार्थ की वृद्धि इतनी तीव्रता से हो रही हैं कि लोग लोक लाज और लिहाज़ को तिलांजलि दे रहे हैं। मानवीय संवेदना शून्य होकर वीराने की ओर तेज़ी से अग्रसर हो गई है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार राज्य के संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन भारत की धरोहर को समाहित करते हुए यात्रा में गतिशील है। बिहार के युवाओं के हृदय में नव बिहार निर्माण के लिए नव कोंपल को फूटते हुए देख रहा हूं। मेरी भी उम्मीद जगी है। और, इस नेक कोशिश को लेकर आईपीएस विकास वैभव गंभीर है। उनका मानना है कि बिहार के युवाओं को एक साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए चिन्तन करना होगा। आईपीएस विकास वैभव का संदेश है कि बिहार के युवा एक होकर एक दिशा में ऊर्जा लगाएं तभी हम साकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## समस्तीपुर जंक्शन पर युवक ने की सुसाइड की कोशिश



नई सोच एक्सप्रेस

**» पहले जहर खाया फिर हाथ की नस काट ली, बहन की शादी से तनाव में था**

**समस्तीपुर**। जंक्शन पर एक युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। मंगलवार को पहले तो उसने जहर खाया जिसके बाद हाथ के नस काट लिए। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी की टीम ने युवक को प्लेटफार्म नंबर एक से बरामद किया। मंडलीय रेल अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल भेज दिया गया। युवक की पहचान दरभंगा के लहेरियासराय के अरुण शर्मा के बेटे विपुल शर्मा (18) के रूप में हुई है। विपुल इंटर का छात्र है। वह पिछले कुछ दिनों से अपने माता-पिता से नाराज था।युवक के मौसा संजय शर्मा ने बताया कि विपुल की बहन की शादी होने वाली है। इस शादी से वह खुश नहीं है जिसके कारण उसकी अपने पिताजी से पिछले सप्ताह विवाद हो गया था। इसके बाद से वह तनाव में था। लड़के का परिवार उसे पसंद नहीं था। वह नहीं चाहता कि उसकी बहन की वहां शादी हो। मंगलवार की सुबह वह दरभंगा से किसी ट्रेन से समस्तीपुर पहुंचा था। प्लेटफार्म नंबर 7 होते हुए प्लेटफार्म नंबर एक पर आया जहां उसने चूहा मारने वाली दवा खा ली। कुछ देर में जब उसकी मौत नहीं हुई तो उसने अपने पास रखे चाकू से बाएं हाथ की नस काट ली। वहीं, युवक ने बताया कि फैमिली साथ नहीं दे रहा था। उनसे दूर होना चाह रहे थे। मम्मी पापा के साथ रहना अच्छा नहीं लगता था।प्लेटफार्म नंबर एक पर बेहोश पड़ा था प्लेटफार्म नंबर एक पर बेहोश मिला था युवक युवक को प्लेटफार्म नंबर एक पर लोगों ने बेहोशी की स्थिति में देखा था। उसके बाएं हाथ का नस कटा हुआ था। मामले की जानकारी ऑफ कंट्रोल को देते हुए जख्मी युवक को मंडलीय रेल अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।इंटर में पढता है छात्रयुवक इंटर में पड़ता है पिछले वर्ष ही मैट्रिक की थी। लेकिन जब से उसकी बहन की शादी की बात चल रही है वह काफी तनाव में है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बीपी वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर पीके चौधरी मौके पर पहुंचे। जख्मी युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी स्थिति अभी नियंत्रण में है।

संक्षिप्त समाचार

## चोरी की एक बाइक के साथ दो चोर किए गए गिरफ्तार



**पताही**। शहर से लेकर प्रखंडों में हो रही लगातार बाइक चोरी की घटना को लेकर पताही थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर प्रखण्ड के बैतोना गांव में छापेमारी कर चोरी की एक बाइक के साथ दो बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।, पताही थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि किसी ने पुलिस को सूचना दी कि बैतोना गांव में चोरी की बाइक रखी हुई है,सूचना पर जब पुलिस ने प्रखण्ड के बैतोना गांव में छापेमारी की तो वहां से एक चोरी की बाइक के साथ सतेंद्र कुमार और राकेश पंडित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ ब्रज भूमि समारोह में हिस्सा लिया

**पटना**। वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल ने राजस्थान की पावन ब्रज भूमि में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए, इसके आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। माननीय मुख्य मंत्री श्री भजनलाल शर्मा, माननीय राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह की मौजूदगी में आयोजित इस समारोह में देश भर से कृष्ण भक्त इकट्ठा हुए थे। श्री अग्रवाल ने ब्रज भूमि के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव के बारे में बताया, उन्होनें कहा कि जब भी वे कृष्ण लीलाओं के पावन स्थलों पर जाते हैं, तो असीम शांति और आध्यात्मिक संतुष्टि महसूस करते हैं। उन्होंने ब्रज की समृद्ध संस्कृति एवं धरोहर के संरक्षण में योगदान के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, ब्रज भूमि की धरोहर के संरक्षण तथा स्थायी विकास को बढ़ावा देने में में मुख्यमंत्री जी की प्रतिबद्धता सराहनीय है। उनका नेतृत्व, खासतौर पर खनन क्षेत्र में प्रगति के प्रयास तथा राइज़िंग राजस्थान समिट जैसे आयोजन अपने आप में प्रेरणादायक हैं। वेदांता के लिए गर्व की बात है कि कंपनी को ऐसे नेक प्रयासों को समर्थन देने का अवसर मिल रहा है। चेयरमैन ने ब्रज भूमि की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में वेदांता की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने मुख्यमंत्री जी के दूरदृष्टा नेतृत्व में राजस्थान की विकास यात्रा के वेदांता के लक्ष्यों पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम के समापन के साथ श्री अग्रवाल ने स्थायी विकास को सुनिश्चित करते हुए ब्रज भूमि के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बनाए रखने की अपील की। उनके शब्द श्रोताओं के दिलों को छू गए, जिनमें भविष्य के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण के साथ-साथ भक्तिभाव भी साफ झलक रहा था।

## सरकार ने 'जलवाहक' योजना की शुरुआत की

» आंतरिक जलमार्गों और कार्गो मूवमेंट को मिलेगा बढ़ावा, एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर कार्गो मूवमेंट को मिलेगा प्रोत्साहन

**पटना**। श्री सर्बानंद सोनोवाल ने जहाजों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, कोलकाता से पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो जहाजों की निश्चित अनुसूचित सेवा शुरू "जलवाहक" योजना जलमार्गों को कार्गो परिवहन के लिए प्रोत्साहित करती है, एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 में व्यापार की संभावनाओं को खोलती हैः श्री सर्बानंद सोनोवाल "कार्गो जहाजों की निर्धारित सेवा की शुरुआत जलमार्गों की सुगम, कुशल, स्थायी और किफायती परिवहन के लिए तत्परता का प्रदर्शन करती है": श्री सर्बानंद सोनोवाल योजनाओं का उद्देश्य 95.4 करोड़ के निवेश के साथ 800 मिलियन टन किलोमीटर के मॉडल शिफ्ट को प्रोत्साहित करना है केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्गो प्रोत्साहन की एक महत्वपूर्ण नीति जलवाहक का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरुआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए।

## दहेज प्रताड़ना से तंग आकर लड़की सोसाइट नोट लिखकर घर से है गायब



**सहरसा**। परिवार में मचा कोहराम। लड़की का रिंग शिरोमणि हो चुका था अब शादी होने वाली थी। बिहार के सहरसा जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है जहाँ एक लड़कीं दहेज प्रताड़ना से तंग आकर अपने घर में सोसाइट नोट लिखकर घर से है लापता है।लड़कीं अपने सोसाइट नोट में लिखा है जो पापा मैं सोसाइट करने जा रही हूं ,मेरी बहनों को काबिल बनाना ताकि कोई उन्हें प्रताड़ित न कर सके।लड़कीं 13 दिसंबर से ही घर से गायब है।लड़कीं के गायब होने को लेकर लड़कीं के पिता थानां में लड़के के पिता और लड़के पर मामला दर्ज करवाकर न्याय की गुहार लगाई है।सूचनानुसार लड़कीं अभी तक बरामद नहीं हो सकी है।लड़कीं को लड़के वाले 14जुलाई को देखा देखी का काम किया था साहरस के एक रिशोर्ट में और 17 जुलाई को नगदी राशि भी ली गयी थी लड़कीं पक्ष से।21 जुलाई को सहरसा के देव रिशोर्ट में रिंग शिरोमणि हुआ था।अब उक्त लड़कीं की अब शादी होनी थी।लेकिन लड़के वाले एक कार की डिमांड कर दी नहीं देने पर शादी से इनकार करने की बात सामने आई है।उसके बाद इसको लेकर पंचायत भी की गई लेकिन लड़का वाला पंचायत भी नहीं माना।इसी से तंग आकर लड़कीं 14 दिसंबर को सोसाइट नोट लिखकर घर से गायब हो गयी।जो अभी तक बरामद नहीं हो पाया है।

# सीमेंट फैक्ट्री मजदूर मौत कांड एवं पुलिसिया जुल्म के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकालकर मुख्यमंत्री का पूतला फूंका

नई सोच एक्सप्रेस

» मृत मजदूर के शव को छुपाकर सीमेंट फैक्ट्री कांड कराने के जिम्मेवार सेफ्टी मैनेजर आदित्य कुमार झा को जेल में बंद करे पुलिस-प्रभात रंजन गुप्ता




**समस्तीपुर/ताजपुर**। सरसौना-ताजपुर सीमेंट फैक्ट्री में मजदूर मौतकांड, प्रबंधन एवं पुलिस की मिलीभगत एवं मनमानीपूर्ण रवैया के खिलाफ भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकालकर मुख्यमंत्री का पूतला फूंका मंगलवार को बड़ी संख्या में भाकपा-माले कार्यकर्ता मुर्गियाचक चौक पर ईकट्ठा होकर अपने-अपने हाथों में मांगों से संबंधित नारे लिखे तख्तियां लेकर तीन दिवसीय जिलाव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रतिरोध मार्च निकाला। नारे लगाकर मार्च विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए इमली चौक पर पहुंचकर मार्च सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता खेग्रामस के प्रखंड सचिव प्रभात रंजन गुप्ता ने किया। सभा का संचालन किसान नेता ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने किया। आसिफ होदा, शंकर महतो, मो० क्यूम, मो० शकील, अर्जुन कुमार, संजीव कुमार राय आदि ने सभा को संबोधित करते हुए सीमेंट फैक्ट्री कांड के लिए फैक्ट्री प्रबंधन एवं पुलिस की मिलीभगत को जिम्मेवार ठहराया। सभा को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रभात रंजन गुप्ता ने कहा कि 12 दिसंबर को करीब 2 बजे रात्रि सीमेंट फैक्ट्री में दबकर सूर्यकांत राम की मौत हो गई। मजदूर को सदर अस्पताल के चिकित्सक ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। सेफ्टी मैनेजर आदित्य कुमार झा पुलिस अभिरक्षा से अस्पताल से शव को लेकर फरार हो गये। शव को फैक्ट्री नहीं ले जाकर फैक्ट्री से 15-20 किलोमीटर दूर फेंकने के उद्देश्य से वैशाली के डभैत चौर लेकर चले गये। जब मृतक के चचेरे भाई नागेंद्र राम ने शव को फेंकने का विरोध किया तो सेफ्टी मैनेजर से उसे पिटने लगा चिखने-चिल्लाने पर स्थानीय ग्रामीण इकट्ठा हो गये। माजरा को समझ कर शव को लेकर फैक्ट्री पहुंचा दिए जहां आक्रोशित लोगों हंगामा पर उतारू हो गये। हंगामा शांत कराने को पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें दर्जनों ग्रामीण घायल हो गये। हंगामा में घूसे असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर पथराव किया। इसमें आधे दर्जन पुलिस कर्मी घायल हो गये। पुलिस ने 152, 153 एवं 154/2024 तीन प्राथमिकी दर्ज कर 15 नामजद एवं 150 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज किया। पुलिस सोची-समझी राजनीति के तहत दोषी सेफ्टी मैनेजर को बचा रही है और निर्दोष लोगों को एफआईआर में डाल रही है। घर में घूस कर निर्दोष महिला-पुरूष को पिटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शव छुपाकर फैक्ट्री कांड करवाने के जिम्मेवार सेफ्टी मैनेजर आदित्य कुमार को हटाने, निर्दोष लोगों का नाम एफआईआर से हटाने, निर्दोष लोगों का नाम एफआईआर में डालने पर रोक लगाने, सभी मजदूरों का बीमा कराने, कर्मियों के नामों की सूची को सार्वजनिक करने, फैक्ट्री से फ़ैल रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की है। अंत में कांड एवं पुलिसिया जुल्म का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पूतला फूंका गया। उक्त आशय की जानकारी भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने देते हुए फैक्ट्री प्रबंधन एवं पुलिस मिलीभगत की जांच पुलिस अधीक्षक द्वारा करने, प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज करने, गिरफ्तार लोगों को रिहा करने आदि की मांग की है।

## बालीवुड की खस्ताहाल दशा क्यों ? : संजय सोंधी

नई सोच एक्सप्रेस



**दिल्ली** l वर्ष 2024 अब बीतने को ही है और मूलतः तेलुगु फ़िल्म पुष्पा की धूम चारों तरफ हैं l गज़ब की बात ये है कि हिंदी में डब की गई यह तेलुगु फ़िल्म सबसे ज्यादा कारोबार हिंदी सर्किट में ही कर रही हैं l यह अपने आप में एक प्रमाण है कि हिंदी दर्शक अब उल-जुलुल फिल्मों से अब ऊब चुके है और वे डब की हुई दक्षिण भारतीय फिल्मों को भी हाथों-हाथ ले रहे है l बालीवुड की ये हालत क्यों हुई, ये एक विचारणीय विषय है l बालीवुड का कर्पोरेटाइज़ेशन मूलभूत रूप से इसके लिए जिम्मेदार हैं l विभिन्न कारपोरेट में बैठे हुए एम.बी.ए. छाप लोग यह निर्णय लेते हैं कि किस विषय पर किस हीरो/हीरोइन को लेकर फ़िल्म बनेगी l इन लोगों को हिंदी दर्शकों की मानसिकता की कोई समझ नहीं हैं l कारपोरेट जगत में बैठे लोग यह समझते हैं कि नामी हीरो/हीरोइन और जबर्दस्त मार्केटिंग के दम पर ही फ़िल्म की सफलता निश्चित की जा सकती हैं जबकि ऐसा नहीं हैं l बालीवूड में एक तरीके से रचनात्मकता का अभाव हो गया हैं l कर्णप्रिय गीत-संगीत तो अब विलुप्त प्रजाति बन चुका हैं l सिर्फ एक्शन और वी.एफ. एक्स. पर ही ज्यादा ज़ोर दिया जा रहा हैं l नामी हीरो की फीस बहुत बढ़ गई हैं l वास्तविकता ये हैं कि यह बड़े-बड़े अभिनेता भी फ़िल्म की सफलता की गारंटी नहीं दे सकता l वर्ष 2024 में रिलीज़ हुई और फ्लॉप हुई फ़िल्में जैसे सरफिरा, खेल-खेल में, बड़े मियाँ-छोटे मियाँ , कल्कि आदि इसके उदाहरण हैं l इसके विपरीत हाल ही के वर्षों में रिलीज़ ट्वेल्थ फेल, लापता लेडीज़ बहुत कम बजट की फ़िल्में होने के बावजूद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल हो गई l बालीवूड में अब बधाई हो, लंच बॉक्स, भेजा फ्राई और क्वीन जैसी कम बजट वाली लेकिन अच्छी कहानी वाली फिल्मों का नितांत अभाव हैं l किसी भी बड़े हीरो की किसी सार्थक कहानी को लेकर बनाई गई अंतिम सफल फ़िल्म सलमान खान अभिनीत बजरंगी भाईजान (2015) हैं l शाहरुख खान जवान, पठान और डंकी आदि सफल फ़िल्में हो सकती हैं लेकिन इनकी कहानी बिलकुल लचर थी l यह फ़िल्में मार्केटिंग के दम पर बॉक्स ऑफिस के दम पर सफल हुई है l पिछले वर्ष प्रभास की बहुचर्चित और बड़े बजट वाली फ़िल्म आदिपुरुष बॉक्स ऑफिस पर असफल हो गई थी l रणवीर कपूर की फ़िल्म एनीमल में जबरन का एक्शन और हिंसा की भरमार हैं l 2018 में रिलीज़ हुई स्त्री 1 की सफलता का लाभ 2024 में रिलीज़ हुई स्त्री 2 को मिला l कुल मिलाकर 2024 में रिलीज़ हुई बालीवूड फिल्मों में भूलभुलैया 3, स्त्री 2, लापता लेडीज़, सिंघम अगेन ही सफल फ़िल्में मानी जा सकती हैं l इस प्रकार बालीवूड की हालत लगातार खस्ता होती जा रही है l अगर बालीबुड ने अपने तौर तरीके नहीं बदले तो वह निश्चित रूप से तबाह हो जाएगा l बालीवूड के कर्ता-धर्ताओं को यह विचार करना चाहिए कि दर्शकों के पास मनोरंजन के कई अन्य विकल्प मौजूद हैं l अब तो फ़िल्में कुछ ही समय के बाद ओ.टी.टी. प्लेटफोर्म पर भी दिखाई जाने लगी हैं l कई अच्छे कार्यक्रम भी अमेज़न प्राइम, नेटफ्लिक्स आदि ओ.टी.टी. प्लेटफोर्म पर दिखाए जा रहे हैं l जब दर्शक अच्छे-अच्छे कार्यक्रम ओ.टी.टी. प्लेटफोर्म और टी.वी. चैनलों के माध्यम से घर बैठे देख सकते हैं तो वह महंगे टिकट खरीद कर मल्टीप्लेक्स में उबाऊ हिंदी फ़िल्म देखने क्यों जाएगा ? अब बालीवूड को सिर्फ हीरो-हीरोइन के चेहरे, वी.एफ.एक्स. और मार्केटिंग पर भरोसा न कर ज्यादा रचनाधर्मी और प्रयोगधर्मी बनना होगा l बालीवूड को सार्थक कहानियों पर मनोरंजक फ़िल्में हिंदी दर्शकों को उपलब्ध करानी होगी l अन्यथा इस इंडस्ट्री का भविष्य बहुत ज्यादा उज्जवल नहीं होगा l

## कटिहार मंडल में पेंशन अदालत का सफल आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार**। कटिहार मंडल में पेंशन अदालत का सफल आयोजन किया गया।जिसमें सेवानिवृत्त रेलकर्मियों की लंबित शिकायतों एवं मुद्दों का निवारण किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कटिहार, अपर मंडल रेल प्रबंधक कटिहार तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी कटिहार की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। पेंशन अदालत में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनभोगियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पेंशन, निपटान और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित कई मामलों का तत्काल समाधान किया गया। यह आयोजन सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के कल्याण के प्रति मंडल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर डीआरएम ने पेंशनभोगियों की समस्याओं को सहानुभूति और तत्परता के साथ हल करने के महत्व पर जोर दिया और रेल मंडल की ओर से उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। पेंशन अदालत का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ, जिसमें उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कटिहार मंडल के प्रयासों की सराहना की।

# राष्ट्रीय नायक सोनू सूद और देसी कलाकार हनी सिंह ने 'फतेह' के 'हिटमैन' में अपने पंजाबी गौरव का जश्न मनाया; गाना अभी जारी

नई सोच एक्सप्रेस




जब राष्ट्रीय नायक सोनू सूद भारत के सबसे बेहतरीन हिटमेकर यो यो हनी सिंह के साथ मिलकर काम करते हैं, तो आप जानते हैं कि पार्टी प्लेलिस्ट पर कब्ज़ा होने वाला है। इस जोड़ी ने सोनू की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म फतेह का दूसरा ट्रैक हिटमैन रिलीज़ किया है, जो एक धमाकेदार, धमाकेदार डांस एंथम है जो लोगों को झूमने पर मजबूर कर देगा। ज़ी स्टूडियो और शक्ति सागर प्रोडक्शंस द्वारा समर्थित और अजय धामा द्वारा सह-निर्मित, फतेह सिनेमाई पावरहाउस बनने के लिए तैयार है। एक गंभीर पूर्व विशेष ऑपरेशन अधिकारी के रूप में सूद की निर्विवाद स्क्रीन उपस्थिति और सिंह की आकर्षक बीट्स और स्वैगर को मिलाकर, हिटमैन इस साल का सबसे बड़ा पार्टी बैंगर बनने के लिए तैयार है। देसी कलाकार ने इस गाने को अपनी खास ऊर्जा के साथ बनाया है, जिसने उन्हें घर-घर में मशहूर बना दिया है। लियो ग्रेवाल के बोलों में दमदार दम और बॉस्को मार्टिस की बेहतरीन कोरियोग्राफी के साथ, हिटमैन हर मोर्चे पर कमाल करता है। यो यो हनी सिंह के साथ मिलकर काम करने पर सोनू ने अपनी खुशी साझा की, "यह सफ़र तब शुरू हुआ जब हम दोनों पंजाबी सालों पहले चंडीगढ़ में मिले थे। हनी का संगीत उस समय भी सड़कों की धड़कन था और आज भी है। हिटमैन के लिए उनके साथ काम करना ऐसा लगता है जैसे किस्मत ने साथ दिया हो। उनकी धुनों ने फतेह को वह धार दी है जिसकी उसे ज़रूरत थी। यह गाना तीव्रता, व्यसनी धुन और विशुद्ध पंजाबी गौरव का पावरहाउस है।" हनी सिंह कहते हैं, "मैं सोनू सर को 16 साल से भी ज़्यादा समय से जानता हूँ। तब भी, मैं जानता था कि वे सिर्फ़ फ़िल्मों में अभिनय करने के लिए नहीं बने हैं - वे फ़िल्में बनाने के लिए ही बने हैं। जब उन्होंने मुझे फतेह के बारे में कुछ बताया, तो मैंने एक फ़िल्म निर्माता के तौर पर उनके जुनून को महसूस किया। इस अद्भुत फ़िल्म के लिए हिटमैन बनाने का सौभाग्य मिलना उनके विज़न को साउंडट्रैक में शामिल करने जैसा था। मुझे याद है कि इतने साल पहले मैं चंडीगढ़ और मोहाली में संगीत बनाता था और उन्होंने हमेशा मुझे भरोसा दिलाया कि मुंबई मेरे संगीत के लिए पागल हो जाएगी। उस समय उनका मुझ पर विश्वास दुनिया के लिए मायने रखता था और आज हम प्रशंसकों को कुछ शानदार दे रहे हैं, अपनी पंजाबी जड़ों का जश्न मना रहे हैं।" बोस्को मार्टिस कहते हैं, "यह अभिनय सिर्फ़ कोरियोग्राफी के बारे में नहीं था, यह निर्देशन के बारे में था - सब कुछ एक साथ लाना और पूरे माहौल को सहजता से बांधना। हनी के साथ पहली बार काम करना अविश्वसनीय था; उनकी ऊर्जा वास्तव में संक्रामक थी। उनकी शैली, उनका वाइब और मेरा विज़न सभी एकदम सही तरीके से मेल खाते थे। और फिर, सोनू थे - बहुत शांत और सहयोगी। उनकी मर्दानगी और मौजूदगी ने पूरे अनुभव में एक और परत जोड़ दी। यह सिर्फ़ डांस करने के बारे में नहीं था; यह इस बारे में था कि सब कुछ कैसे एक साथ आता है, और मुझे लगता है कि मेरी टीम ने इसे खूबसूरती से डिज़ाइन किया है। उन दोनों को निर्देशित करना एक बहुत ही संतोषजनक अनुभव था। सेट पर ऊर्जा अद्भुत थी, और यह सब सबसे अच्छे तरीके से एक साथ आया। दो बेहतरीन पंजाबी पुरुषों की अगुआई में, मेरी टीम के प्रयासों से, यह वास्तव में एक आनंददायक अनुभव बन गया" ज़ी स्टूडियोज़ के उमेश केआर बंसल और शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद द्वारा निर्मित और अजय धामा द्वारा सह-निर्मित, फ़तेह साहस, लचीलापन और साइबर अपराध के खिलाफ़ लड़ाई की एक मनोरंजक कहानी है। फ़िल्म 10 जनवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है। हिटमैन अब सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म और ज़ी म्यूज़िक कंपनी के म्यूज़िक चैनल पर उपलब्ध है।

## मंत्री बनने के बाद मंगलवार को संजय प्रसाद यादव महागामा पहुंचे जनता ने गर्म जोशी से स्वागत किया





नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा**। प्रखंड मुख्यालय महागामा में थाना गेट के सामने झारखंड के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं उद्योग एवं कौशल विकास मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव का महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ता द्वारा नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस सम्मान समारोह में महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री संजय प्रसाद यादव का फूलों का माला तथा बुके एवं शाल देकर गर्म जोशी से स्वागत एवं सम्मान किया इस अवसर पर श्रम नियोजन एवं उद्योग मंत्री झारखंड सरकार संजय प्रसाद यादव ने कहा कि जनता की उम्मीद पर वह हर संभव खरा उतरने का प्रयास करेंगे जनता का जो उन्हें अटूट प्यार मिला है उसको वह कभी नहीं भूलेंगे उन्होंने कहा कि राज्य से बेरोजगारी दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी जगह-जगह उद्योग धंधा खोला जाएगा जिसे बेरोजगार लाभान्वित होंगे कहा कि अब अफसर शाही नहीं चलेगी पंचायत कोमजबूत जिम्मेदारी दी जाएगी पंचायती प्रतिनिधियों द्वारा बाहर जाने वाले मजदूरों की सूची तैयार कराई जाएगी जनता से हमेशा उनका जुड़ाव रहेगा किसी तरह की दुर्घटना होने पर मजदूरों को उचित सरकारी मुआवजा दिलाया जाएगा उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सराहना करते हुए कहा कि महा गठबंधन को मजबूत बनाया जाएगा श्री यादव ने कहा कि मैया सम्मान योजनाबिजली बिल माफी एवं किसान ऋण माफी से जनता को राहत मिली है उन्होंनेकहा की 200 यूनिट बिजली अब लोगों को राज्य में फ्री मिलेगी उन्होंने गांडेय विधायक कल्पना सोरेनके कार्यों की भी तारीफ की मौके पर अत्ताउर रहमान सिद्दीकी पूर्व विधायक राजेश रंजन अनंतलाल यादव प्रदीप सिंह राजीव यादव रमेश यादव असलम युसूफ शमीम अंसारी राम लखन यादव नावेद इकराम मंजर आलम राजद जिला अध्यक्ष नीलम देवी आदि सैकड़ो महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे मंच संचालन कलीमुल्लाह परवाना कर रहे थे।

## संपतचक के पिपरा पहुंचे पूर्व मंत्री डॉ रामानंद यादव

नई सोच एक्सप्रेस



» जल्द शुरू होगा पिपरा शेखपुरा पुल निर्माण का काम

**फुलवरी शरीफ**। राजद के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामानंद यादव मंगलवार को पीपर गांव पहुंचे. पूर्व मंत्री श्री यादव का यहां राजन नेता वेद प्रकाश के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया. मालूम हो कि करीब 1 साल पहले बादशाही पइन पर बना वर्षो पुराना पिपरा शेखपुरा पुल अचानक ध्वस्त हो गया था इसके बाद इस इलाके के लोगों को भारी परेशानी हो रही थी, हालांकि वैकल्पिक तौर पर यहां डायवर्सन का निर्माण भी किया जा चुका है। पूर्व मंत्री डॉ रामानंद यादव ने बताया की अपने क्षेत्र के विकास के कार्यों को लेकर अपने जनता से रूबरू हुए एवं सभी लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा की शेखपुरा पिपरा पुल निर्माण की स्वीकृति मिल गई है।इसके लिए राशि भी आवंटित हो गई है। इसके लिए जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पुल पुलिया निर्माण व पुनर्निर्माण की सूची उन्होंने सरकार से मांगी थी जिसमें उन्हें यह बताया गया है कि शेखपुरा पिपरा पुल का निर्माण भी जल्द शुरू हो जाएगा।

# भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा

जब मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ। भारत में कम-से-कम एक तबके की चमक जरूर बढ़ रही है। वे भारत के उद्योगपति हैं। जिस समय देश में मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ। रकम में देखें, तो यह बढ़ोतरी 905 बिलियन डॉलर की रही। उद्योगपतियों की संख्या के लिहाज से भारत पहले ही दुनिया में तीसरे नंबर पर आ चुका है। चूंकि चीन में विषमता घटाने की नीति पर सख्त अमल के कारण अरबपतियों की संख्या और उनका सकल धन घट रहा है, इसलिए संभव है कि कुछ वर्षों में भारत इस सूची में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर आ जाए। दस साल के आंकड़ों पर गौर करें, तो भारत में उद्योगपतियों की संख्या दो गुना होकर 185 तक पहुंच चुकी है, जबकि उनका कुल धन लगभग पौने तीन गुना (सही आंकड़ा 263 प्रतिशत है) बढ़ गया है। स्विस बैंक यूबीएस हर वर्ष अरबपतियों के बारे में रिपोर्ट जारी करता है। उसकी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस समय वैश्विक रुझान अरबपतियों का धन अपेक्षाकृत घटने का है, लेकिन भारतीय अरबपति इस रुझान को मात देने में कामयाब हैं। पिछले वित्त वर्ष में अरबपतियों के धन के लिहाज से टॉप पांच देशों में अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन में भी अरबपतियों का कुल धन बढ़ा, मगर सबसे ज्यादा वृद्धि भारत में दर्ज हुई। सिर्फ चीन ऐसा देश रहा, जहां इस वर्ग के कुल धन में गिरावट आई। अब इन आंकड़ों पर देश के लोग चाहें, तो फख्र कर सकते हैं! किसी भी क्षेत्र में खास कर धनी देशों से भारत के आगे निकलने की खबर पर आम तौर पर अपने लोग खुश होते नजर आते हैं। मगर पेच यह है कि अरबपतियों और उनसे सीधे तौर पर जुड़े छोटे से तबके की खुशहाली अन्य वर्गों की बदहाली की कीमत पर हासिल हो रही है। इसलिए कि अरबपति उत्पादक अर्थव्यवस्था में निवेश के बजाय पैसा से पैसा बढ़ाने और तफरीह पर धन लुटाने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

# घरेलू विवाद से दहेज के झूठे मामलों में उलझते पुरुष

जब वैवाहिक कलह के कारण घरेलू विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अक्सर पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है। अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहना होगा कि कहीं कानून का दुरुपयोग कर पति के रिश्तेदारों को फंसया तो नहीं जा रहा। अदालतों को निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो ख़ासतौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है। पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5% मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुक़सान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए। पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक



आरती कुमारी

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं। भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है। भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं। भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की एवं अल्पसंख्यकवाद की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिए, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा, अल्पसंख्यक अपने आप ऊपर उठ जायेगा।

# सावधान ,कहीं आप भी तो नहीं हो रहे नकली दवाइयों के शिकार ?

अशोक भाटिया , मुंबई

आज के समाचार पत्रों में प्रमुखता से नकली दवाइयों के जब्ती की खबर छपी है। खबर के अनुसार महाराष्ट्र के ठाणें में जिले में छापेमारी के बाद 1.85 करोड़ रुपये की नकली दवाएं जब्त की गईं हैं। बताया कि पिछले कुछ महीनों में भिवंडी के एक गोदाम और मीरा रोड इलाके में एक अन्य प्रतिष्ठान पर छापे मारे गए और ये नकली दवाइयां पकड़ी गई । जांच में पता चला कि आरोपी नकली दवाओं का निर्माण और बिक्री कर रहे थे, और वो निर्माता होने का झूठा दावा कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, दवाओं को कई राज्यों में भेजा जा रहा था। समाचार के अनुसार मुंबई में आयुर्वेद के नाम पर नकली दवा बना रही घरवार फार्मा प्राईवेट लिमिटेड पर एफडीए ने रेड मारी थी। एफडीए ने फर्जी दवा बनाने वाली कंपनी पर छापा मारकर 1 करोड़ 27 लाख रुपये की नकली दवा जब्त की है। वहीं करीब 2 करोड़ 93 लाख 255 रुपये की मशीनों को भी सीज किया है। छापेमारी वसई के गीता गोविंद इंडस्ट्री नवघर के शैलेश इंडस्ट्री के 20 नंबर गली में की गई। कार्रवाई में सामने आया कि कंपनी पिछले करीब 7 सालों से नकली दवाओं का निर्माण कर रही थी। ये कंपनी घरवार फार्मा प्रोडक्ट प्राईवेट लिमिटेड और रूसब फार्मा के नाम से थी। इसका लाइसेंस पंचकुला का है, लेकिन दवा का प्रोडक्शन वसई में शुरू था। यह तो केवल एक छापा था उसके आलावा महाराष्ट्र के नागपुर, वर्धा, भिवंडी व अंबाजोगाई सहित राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में नकली दवाईयों के आपूर्ति के मामले सामने आ रहे है और दवा आपूर्ति में होने वाले बोगसगिरी का भंडाफोड हुआ है। जिसके पीछे कोई बडा अंतरराज्यिय रैकेट रहने की संभावना है। विशेष उल्लेखनीय यह है कि, विगत 15 माह से किसी न किसी सरकारी अस्पताल में नकली दवाईयों का स्टॉक मिल रहा है और मामले की जांच भी चल रही है। लेकिन इसके बावजूद अब तक प्रशासन के हाथ पूरी तरह से खाली है। बता दें कि, नागपुर, वर्धा व भिवंडी सहित अब अंबाजोगाई के स्वामी रामानंदा तीर्थ वैद्यकीय महाविद्यालय व अस्पताल में नकली दवाईयों की आपूर्ति होने का मामला सामने आया है। अंबाजोगाई के अस्पताला में एक मरीज का नकली दवा की वजह से रिएक्शन हुई। जिसे लेकर अस्पताल प्रशासन ने अन्न व औषधी प्रशासन के पास शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि, नागपुर में भी एजीथ्रोमायसिन की नकली गोलियों की आपूर्ति हुई है। ऐसे में अन्न व औषधी प्रशासन ने इस दवाई के प्रयोग को रुकवाते हुए हॉस्पिटल के स्टॉक की जांच की, तो पता चला कि, अंबाजोगाई के अस्पताल में 25 हजार गोलियों का स्टॉक मिला। साथ ही पता चला कि, एजीथ्रोमायसिन टैबलेट की आपूर्ति का ठेका कोल्हापुर की विशाल इंटरप्राइजेस नामक कंपनी को मिला था और इसी कंपनी ने अंबाजोगाई के स्वामी रामानंदा तीर्थ अस्पताल को दवाईयों की आपूर्ति की थी। साथ ही साथ इसी कंपनी ने नागपुर के सरकारी अस्पताल में भी इस दवा की आपूर्ति की थी और इस कंपनी के खिलाफ नागपुर के अजनी पुलिस थाने में अपराध भी दर्ज है। ऐसे में अब पूरे मामले की सघन जांच की जा रही है। लेकिन आश्चर्य इस बात को लेकर जताया जा रहा है कि, विगत 15 माह से राज्य के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में उजागर हो रहे इन मामलों के बावजूद अब तक पुलिस तथा अन्न व औषधि प्रशासन विभाग के हाथ पूरी तरह से खाली है। गौरतलब है कि दवाएं बीमारी के वक्त शरीर को स्वस्थ बनाने के साथ गंभीर स्थिति में जीवन रक्षक होती हैं। स्वास्थ्य के लिए वरदान समझी जाने वाली यही दवाएं यदि मुनाफाखोरी का जरिया बन जाएं तो सेहत की दुश्मन बन जाती हैं। पिछले सप्ताह दिल्ली पुलिस ने नकली दवाओं के एक बड़े गिरोह को पकड़ा। पुलिस ने आरोपितों के पास से कैंसर की अलग-अलग ब्रांड की नकली दवाएं बरामद कीं। इनमें सात दवाएं विदेशी और दो भारतीय ब्रांड की हैं। आरोपी कीमोथैरेपी के इंजेक्शन में पचास से सौ रुपये की एंटी फंगल दवा भरकर एक से सवा लाख रुपये में बेच रहे थे। कुछ दिन पहले ही तेलंगाना में औषधि नियंत्रक प्रशासक ने चाक पाउडर से भरी डमी गोलियां बरामद कीं। इसी तरह गाजियाबाद में नकली दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी गई थी। देश के अलग-अलग हिस्से से आए दिन गुणवत्ताविहीन और मिलावटी दवाओं के कारोबार से जुड़े मामले प्रकाश में आते रहते हैं। एक ही मर्ज की बाजार में मिलने वाली अलग-अलग ब्रांड की दवाओं की दक्षता में अंतर होना चिंताजनक है। नकली और मिलावटी दवाएं जहां बीमारी से लड़ने में असरदार नहीं होती हैं, वहीं वे दूसरे रोगों का कारक बनती हैं। इनका सेवन गुर्दे, यकृत, हृदय और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। गुणवत्ताविहीन दवाएं निर्यात के मोर्चे पर देश की साख भी कमजोर करती हैं। लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाली ये गतिविधियां अब संगठित अपराध की शक्ल ले चुकी हैं। दवा निर्माण एक चरणबद्ध प्रक्रिया है। ये नैदानिक परीक्षण के बाद उपभोक्ताओं तक पहुंचती हैं। दवा कंपनियों में प्रयोगशालाएं होती हैं, जहां प्रत्येक चरण का आकलन कर दवा को अंतिम रूप दिया जाता है। भारतीय भेषज संहिता (आइपीसी) और भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य फार्मूले से दवाओं का निर्माण, परीक्षण और संधारण होता है। हर दवा निर्माता कंपनी के लिए तय प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य है। देश में नकली और मिलावटी दवाओं पर रोक लगाने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 में दंड और जुर्माने का प्रविधान है। इसके अंतर्गत नकली दवाओं से रोगी की मौत या गंभीर चोट पर आजीवन कारावास की सजा है। मिलावटी या बिना लाइसेंस दवा बनाने पर पांच साल की सजा का प्रविधान है। देश के अलग-अलग राज्यों में 29 दवा परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। इसके अलावा आठ केंद्रीय लैब भी स्थापित हैं। मिलावटी दवाओं पर रोक लगाने के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। ऐसे मामलों में राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर नियामक एजेंसियों द्वारा कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। एक साधारण व्यक्ति के लिए यह समझ पाना आसान नहीं कि किसी दवा का रासायनिक संयोजन क्या है। मरीजों को दवाओं के बारे में जरूरी और स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी जाती। कई बार तो पर्चे पर लिखी दवा का नाम उच्च शिक्षित व्यक्ति भी नहीं पढ़ पाता। इसके लिए नियामकों द्वारा समय-समय पर चिकित्सकों को दवाओं के नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखने के निर्देश दिए गए हैं। मरीज को लिखी गई दवाओं में किसका क्या काम है, यदि यह जानकारी चिकित्सक द्वारा मरीज को दी जाए तो आपूर्ति तंत्र में घटिया दवाओं की मौजूदगी थमेगी। इससे चिकित्सक-मरीज के बीच भरोसा भी बढ़ेगा। पिछले साल दवाओं में क्यूआर कोड लगाए जाने की पहल शुरू हुई है। यह सभी दवाओं में अनिवार्य किया जाना चाहिए। इससे दवाओं की कालाबाजारी थमेगी। दवाओं की गुणवत्ता तय करने में फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम काफी मददगार साबित हो सकता है। इसमें दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों का अध्ययन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण बनाया जाता है। घटिया दवाओं से जुड़े मामलों की जितनी अधिक शिकायतें होंगी, कानूनी शिकंजा उतना ही सख्त होगा। दवा उद्योग में संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए केंद्र सरकार शिकायत प्रणाली को मजबूत कर रही है। कुछ दिन पहले दवा कंपनियों के लिए यूनिफार्म कोड फार फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिस (यूसीएमपी), 2024 लागू किया गया है। इसके तहत अब दवा कंपनियों को अपनी वेबसाइट पर शिकायत करने की व्यवस्था देनी होगी। कंपनियां चिकित्सकों को प्रचार के नाम पर उपहार नहीं दे सकेंगी। आयोजन में विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किए जाने वाले चिकित्सकों को ही आने-जाने एवं ठहरने की सुविधा दी जा सकती है। ऐसे आयोजनों के खर्च का ब्योरा भी यूसीएमपी के पोर्टल पर साझा करना होगा। यदि फार्मा कंपनियां दवाओं के प्रचार के अनुचित तरीके अपनाती हैं तो सीधे उनके शीर्ष अधिकारी जिम्मेदार होंगे। यूसीएमपी संहिता के एक अन्य प्रविधान के अनुसार एक कंपनी अपनी सालाना बिक्री का सिर्फ दो प्रतिशत निःशुल्क सैंपल दवाएं बांट सकती है। भारतीय दवा उद्योग दुनिया भर में भरोसे का प्रतीक है। वैश्विक स्तर पर 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति भारत करता है। एक अनुमान के मुताबिक जल्द ही भारतीय दवा बाजार 60.9 अरब डालर के स्तर को पार कर जाएगा। ऐसे में अपने मुनाफे के लिए लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर समय रहते सख्त कार्रवाई करनी होगी। नकली दवाओं को बनाना-बेचना भ्रष्टाचार ही नहीं, मानवीय सेहत के लिए एक बड़ा खतरा भी है। ऐसे में नियामकीय व्यवस्था को मजबूत बनाकर ही नकली और मिलावटी दवाओं से निजात मिलेगी। अब यह समझने में विशेष कठिनाई नहीं होनी चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था पर घटिया एवं नकली दवाओं का बड़ा असर क्यों होता है। ये दवाएं बीमारियां ठीक करने में कारगर नहीं होतीं और अक्सर लोगों को अधिक समय तक बीमार रखती हैं। कभी-कभी ये जानलेवा भी साबित होती हैं। इससे इलाज का खर्च बढ़ जाता है और कामकाज का नुकसान भी होता है। इससे नौकरी जा सकती है और इलाज के लिए कर्ज भी लेना पड़ जाता है। जिस देश में इलाज के लिए एक बार अस्पताल में भर्ती होने पर ही देश की बड़ी आबादी की माली हालत खस्ता हो जाती है वहां ऐसी दवाओं की वजह से भारी संख्या में लोग गरीबी के जंजाल में फंस जाते हैं। घटिया और नकली दवाएं किसी भी उम्र के लोगों की जान ले सकती हैं मगर नवजात शिशुओं और बुजुर्गों के लिए ये ज्यादा खतरनाक होती हैं। इनसे लोगों की सेहत को दीर्घकालिक खतरे भी बढ़ जाते हैं जैसे बीमारियों से लड़ने की क्षमता कमजोर होना या दवाओं का रोगाणुओं पर बेअसर होना। दुनिया में हुए कई अध्ययनों से पता चला है कि घटिया एवं नकली दवाएं किसी भी देश को गहरा नुकसान पहुंचाती हैं मगर भारत में नीति निर्धारकों ने इस बात की भी अनदेखी की है। भारत अगर अगले तीन या चार दशकों में भी मध्य-आय वर्ग वाले देशों की जमात से उठकर उच्च-आय वर्ग वाले देशों की सूची में जगह पाना चाहता है तो उसे अपना रवैया बदलना ही होगा।




**मेष राशि** : आपका दिन सुखद रहेगा। आज जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ मिलेगा। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आज आपको परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

**वृष राशि** : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। समाज में आपकी छवि के अनुसार ही आपको परिणाम मिलेंगे। अगर आप बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। आज पड़ोसी आपसे सहायता मांगेंगे, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आप नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय बच्चों के लिए निकालेंगे, उनके साथ खूब मौज मस्ती करते हुए नजर आएंगे। आज आप माता-पिता से अपने मन की बात शेयर करेंगे। आज समाज में आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा।

**सिंह राशि**: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आय के नए अवसर मिलेंगे, जिनसे उम्मीद से अधिक लाभ होगा। आज अचानक धन-लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। दोस्त शाम के समय पार्टी का प्लान बनायेंगे, जहां किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है। साथ ही आज परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंद कार्यों को कर पाने में कामयाब होंगे।

**तुला राशि** :आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। आज आपको अपनी इच्छा शक्ति में सुधार लाने की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी से पसंदीदा उपहार मिलेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं, जिसमें बड़ों का सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रुचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन महसूस होगी।

**धनु राशि** : आज आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए वापस मिलेंगे, जिससे आप घर के जरूरत का सामान खरीदेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। लवमेट की आज फ़ोन पर देर तक बात होगी।

**मकर राशि** : आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपनी तैयारी करते रहे, जल्द ही सफलता के योग बने हुए है। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि खऱाब हो सकती है। घुटने से जुड़ी समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे। बेवजह की भागदौड़ से आज आपको थकावट महसूस होगी।

**कुंभ राशि** :आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज सुखद परिवर्तन होगा, आपकी पदोन्नति होगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज मेहनत के उपरांत अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप अपनी माता को उनके मनपसंद का सामान उपहार देंगे।

**मीन राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। व्यापार में आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा, जिससे अच्छा धन लाभ भी होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज बेटे का रिजल्ट पक्ष आ सकता है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



# ब्रिसबेन टेस्ट : बुमराह, आकाशदीप ने टाला फॉलोआन का खतरा, भारत ने 9 विकेट पर बनाए 252 रन

## केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने लगाया अर्धशतक केएल राहुल



**ब्रिसबेन**। गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह के बीच आखिरी विकेट के लिए हुए 39 रनों की नाबाद साझेदारी की बदौलत फॉलोआन का खतरा टाल दिया है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। आकाशदीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत पहली पारी के आधार पर अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। भारत के लिए केएल राहुल (84) और रवींद्र जडेजा (77) ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। इसके बाद पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। 44 के कुल स्कोर पर पंत (09) को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। कप्तान रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वे 74 के कुल स्कोर पर केवल 10 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकर बने।

**जडेजा और केएल राहुल ने संभाली भारत की पारी**–यहां से रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने मिलकर छठे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी कर भारत का स्कोर 140 के पार पहुंचाया। 141 के कुल स्कोर पर केएल राहुल को नाथन लियोन ने पवेलियन भेजा। राहुल ने 139 गेदों पर 8 चौकों की बदौलत 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।

**जडेजा-रेड्डी ने सातवें विकेट के लिए की 53 रनों की साझेदारी**– राहुल के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी ने सातवें विकेट के लिए 53 रनों की बेहतरीन साझेदारी कर भारत का स्कोर 200 के करीब पहुंचाया, हालांकि पैट कमिंस ने 194 के कुल स्कोर पर नीतीश को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। नीतीश ने 61 गेंदों का सामना किया और 16 रन बनाए। 201 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज (01) को स्टॉर्क ने आउट कर भारत को आठवां झटका दिया। 213 के कुल स्कोर पर जडेजा 77 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद पैट कमिंस का शिकार बने।

**आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह ने टाला फॉलोआन का खतरा**– जडेजा के आउट होने के बाद भारत को फॉलोआन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी और आकाशदीप और बुमराह की आखिरी जोड़ी मैदान पर थी। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी को देखते हुए लग रहा था कि भारत का फॉलोआन खेलना तय है, लेकिन इस आखिरी भारतीय जोड़ी के मन में कुछ और ही चल रहा था, बुमराह ने आते ही पैट कमिंस की गेंद पर छक्का लगाकर अपने इरादे जता दिये, दूसरे छोर से आकाशदीप ने भी संभलकर खेलना शुरु किया। इन दोनों ने मिलकर न सिर्फ भारत को फॉलोआन से बचाया, बल्कि अपना विकेट भी बचाए रखा। फॉलोआन बचाने के बाद आकाशदीप ने पैट कमिंस की गेंद पर एक लंबा छक्का भी जडा, जिससे ड्रेसिंग रुम में बैठे विराट कोहली खुशी से उछल पड़े। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। बुमराह और आकाशदीप ने दसवें विकेट के लिए अब तक 39 रन जोड़ लिये हैं। आकाशदीप 27 और बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 4, मिचेल स्टॉर्क ने 3, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन ने 1-1 विकेट लिया।

**ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन, हेड और स्मिथ का शतक**– इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अर्धशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।

# पृथ्वी को सफलता के लिए अनुशासित होना होगा : श्रेयस



**बेंगलुरू**। बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने खराब दौर से गुजर रहे पृथ्वी शॉ का समर्थन किया है। श्रेयस ने कहा है कि पृथ्वी में काफी प्रतिभा बस उन्हें अनुशासित होकर अपना काम करने की जरुरत है। पृथ्वी पिछले काफी समय से घरेलू क्रिकेट में असफल रहे हैं। खराब फिटनेस के कारण उन्हें रणजी ट्रॉफी से भी बाहर कर दिया गया था। अय्यर का मानना है कि अनुशासित होने पर ही वह एक बार फिर शीर्ष पर जा सकते हैं। पृथ्वी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 9 मैचों में 197 रन बनाए पर वह एक बार भी 50 रनों तक नहीं पहुंच पाये। श्रेयस ने कहा, 'मुझे अब भी लगता है कि वह प्रतिभावान खिलाड़ी है। उसके पास इतनी प्रतिभा है जो किसी के पास नहीं। उसे बस अनुशासन पर काम करना होगा। ऐसा करने पर वह फिर बेहतर खिलाड़ी बन सकता है। उन्होंने साथ ही कहा किकि अपने करियर को पटरी पर लाने की इच्छा स्वयं शॉ के अंदर होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'वह कोई बच्चा नहीं है। उसने इतना क्रिकेट खेला है। सभी उसे सलाह देते हैं। आखिर में यह उसे तलाशना होगा कि उसके लिए क्या सही है। वह पहले भी ऐसा कर चुका है। उसे फोकस रखना होगा और सोचना होगा। उसे जवाब खुद मिल जाएगा। कोई उस पर कुछ करने के लिए दबाव नहीं बना सकता।

# तेंदुलकर की पारी से सीखे विराट : गावस्कर



**ब्रिसबेन**। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को साल 2004 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल गयी सचिन तेंदुलकर की 241 रन की पारी से सीखन चाहिये। गावस्कर ने कहा कि उससे विराट को पता चलेगा कि ऑफ स्टंप के बाहर जाती हुई गेंदों को किस प्रकार से खेला जाता है। इस प्रकार की गेंदों पर उन्हें कवर ड्राइव लगाने से बचना चाहियेंं। तीसर टेस्ट में कोहली एक बार फिर जोश हेजलवुड की गेंद खेलने में असफल रहे और तीन रन ही बना पाये। गावस्कर ने कहा कि सचिन ने एससीजी में 33 चौकों की मदद से 436 गेंद पर 241 रनों की असाधारण पारी खेली थी जबकि वह भी 2003-04 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान विकेट के पीछे कैच आउट होने की समस्या से जूझ रहे थे। तेंदुलकर की उस पारी को उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक माना जाता है क्योंकि उन्होंने 10 घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी की और ड्राइव करने की अपनी आदत पर लगाम लगाई और अपने अधिकतर रन ऑन साइड पर बनाए। गावस्कर ने कहा, 'इसलिए कोहली को सचिन को देखने की जरूरत है जिस तरह से उन्होंने अपने ऑफ साइड के खेल पर अपना धैर्य और नियंत्रण बनाए रखा और सिडनी में 241 रन बनाए। उन्होंने ऑफ साइड या कम से कम कवर में कोई शॉट नहीं खेला क्योंकि इससे पहले वे कवर में खेलने की कोशिश करते हुए आउट हो रहे थे। उन्होंने जो शॉट खेले वे काफी हद तक सीधे या ऑन साइड पर थे। गावस्कर ने कहा कि इस दौरे पर तीन बार विकेट के पीछे कैच आउट हुए कोहली को ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर रक्षात्मक होकर खेलने और तेंदुलकर की तरह अन्य क्षेत्रों में रन बनाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'इसी तरह कोहली को अपने दिमाग और अपने खेल पर नियंत्रण रखना चाहिए। अगर गेंद ऑफ स्टंप पर है, उन्हें सोचना चाहिए कि मैं रक्षात्मक होकर खेलूंगा। मैं इस पर रन बनाने की कोशिश नहीं करूंगा।

# आरसीबी ने इस कारण शामिल किया प्रेमा रावत को



**बेंगलुरु**। उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली लेग स्पिनर प्रेमा रावत महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) 2025 के लिए हुई मिनी नीलामी के बाद सभी की नजरों में आई हैं। प्रेमा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 1.20 करोड़ की बड़ी रकम देकर अपने साथ जोड़ा है। प्रेमा अपनी स्पिन गेंदबाजी के अलावा एक अच्छी फील्डर भी हैं। प्रेमा ने इसी साल हुए उत्तराखंड प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। वह निचले प्रेमा लोअर ऑर्डर में शानदार बल्लेबाजी भी कर सकती हैं। आरसीबी के दल में आशा शोभना के रूप में पहले से ही एक शानदार लेग स्पिन गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी टीम ने प्रेमा रावत को अपने साथ नीलामी में शामिल किया है। इसका कारण कारण शोभना का पूरी तरह से फिट नहीं होना है। ऐसे में फ्रेंचाइजी किसी तरह का कोई खतरा मौल नहीं लेना चाह रही है। यही कारण है कि लेग स्पिनर के तौर पर प्रेमा को टीम के साथ जोड़ा गया है। पिछले सत्र में स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में प्रेमा के ऊपर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी होगी। वहीं अगर आशा शोभना अगर पूरी तरह से फिट रहती हैं तो हो सकता है कि उन्हें इंतजार करना पड़ सकता है। प्रेमा ने अब तक सभी प्रारुपों को मिलाकर कुल 49 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने गेंदबाजी में दमदार खेल दिखाते हुए 54 विकेट लिए जबकि बल्लेबाजी करते हुए 184 रन बनाए हैं।

# दर्शकों के लिए एचआईएल 2024-25 मैचों के टिकट होंगे फ्री, हॉकी इंडिया ने की घोषणा



**नई दिल्ली**। हॉकी प्रशंसक रांची और राउरकेला में होने वाले आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 मैचों का लुत्फ अब स्टेडियम में जाकर फ्री में उठा सकेंगे। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एचआईएल 2024-25 मैचों के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की। एचआईएल गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बताया, यह कदम हॉकी इंडिया के उस दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत खेल को उसके समर्थकों के लिए और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, "यह भारत में हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मुफ़्त टिकट देकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना, हर किसी को हॉकी का बेहतरीन अनुभव करने का अवसर मिले। हमारा लक्ष्य खेल को प्रशंसकों के और करीब लाना और खिलाड़ियों और समर्थकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। रांची और राउरकेला हॉकी की समृद्ध विरासत वाले शहर हैं, और हम स्टेडियमों को उनकी ऊर्जा और जुनून से भरना चाहते हैं।" एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, "हमारे प्रशंसक हमारे हर काम के केंद्र में हैं। मुफ़्त टिकट देने की यह पहल उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रांची और राउरकेला की हर सीट अपने पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करने वाले प्रशंसकों से भरी हो।" पुरुषों की एचआईएल 28 दिसंबर को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में शुरू होगी, जिसका फ़ाइनल 1 फरवरी 2025 को होगा। इस बीच, महिलाओं की लीग 12 जनवरी, 2025 को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में शुरू होगी, जिसका फ़ाइनल 26 जनवरी को होगा।

## व्यापार

# गिरावट के साथ खुले घरेलू शेयर बाजार

## सेंसेक्स 800 अंक टूटा, निफ्टी 24500 के नीचे




**मुंबई**। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों की शुरुआत मंगलवार के कारोबारी दिन गिरावट के साथ हुई। तीस शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेकस सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंकों की गिरावट लेकर खुला जबकि निफ्टी 24,600 से नीचे आ गया। खुलने के बाद बाजार में गिरावट बढ़ गई। सेंसेक्स 800 अंक से ज्यादा टूट गया। निफ्टी 50 भी करीब 250 अंक फिसलकर 24500 के नीचे आ गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली है। वहीं सोमवार को घरेलू इक्विटी बाजार इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी 24,700 के स्तर से नीचे फिसल गया। सेंसेक्स 384.55 अंक गिरकर 81,748.57 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 100.05 अंक गिरकर 24,668.25 पर बंद हुआ। आईटी और मेटल स्टॉक्स के साथ चीन के मिश्रित आंकड़ों के बाद एशिआई बाजारों में गिरावट के कारण बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स सोमवार को गिरावट में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडेक्स हैवी वेट रिलायंस इंडस्ट्रीज लगभग 1 फीसदी गिरकर कारोबार कर रहा था। साथ ही नेस्ले इंडिया, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट के शेयर गिरावट में कारोबार कर रहे थे। वहीं टाटा मोटर्स का शेयर शुरूआती कारोबार में 1 फीसदी तक चढ़ गया। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में ट्रेड कर रहे थे। दक्षिण कोरिया में बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे थे क्योंकि देश में राजनीतिक अनिश्चितताओं का निवेशकों की भावनाओं पर असर पड़ रहा है। फेडरल रिजर्व नीति के नतीजों से पहले एशियाई बाजारों के ज्यादा बाजार ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार में सोमवार को मिलाजुला रुख रहा। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.25 फीसदी गिरकर बंद हुआ। एसएंडपी 500 और नैस्डैक कंपोजिट क्रमशः 0.38 फीसदी और 1.24 फीसदी ऊंचे पर बंद हुए।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी आमतौर पर गिरावट का रुख




**नई दिल्ली**। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं, एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर कमजोरी नजर आ रही है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। डाउ जॉन्स लगातार आठवें दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। 2018 के बाद पहली बार डाउ जॉन्स लगातार 8 दिन गिरावट का शिकार हुआ है। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,074.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह टेक शेयरों में आई तेजी के कारण नैस्डेक पिछले सत्र के दौरान रिकार्ड ऊंचाई पर बंद होने में सफल रहा। इस सूचकांक ने 234.43 अंक यानी 1.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,161.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 43,695.82 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,262.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.71 प्रतिशत टूट कर 7,357.08 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,313.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,531.24 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.33 प्रतिशत उछल कर 23,115.90 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर गिफ्ट निफ्टी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,646 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,803.47 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 1.06 प्रतिशत लुढ़क कर 2,462.68 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.41 प्रतिशत फिसल कर 19,714.38 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत टूट कर 1,413.15 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,229.13 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,366.89 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 संसद के शीतकालीन सत्र का 17वां दिन, लोकसभा में एक देश-एक चुनाव बिल आएगा; राज्यसभा में PM मोदी संविधान पर चर्चा का जवाब दे सकते
2 भाजपा ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को 17 दिसंबर,2024 को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है,क्योंकि इस दिन कुछ महत्वपूर्ण विधायी कार्यों पर चर्चा होनी है
3 भारत और श्रीलंका में रक्षा-ऊर्जा समेत कई समझौते;PM मोदी बोलेः सुरक्षा हित आपस में जुड़े
4 श्रीलंका के राष्ट्रपति बोलेःमुसीबत में भारत ने मदद की,अपनी जमीन का भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दूंगा,समर्थन देते रहेंगे
5 सीतारमण बोलींःनेहरू ने संविधान संशोधन स्वार्थ के लिए किया,खड़गे बोलेःआप JNU से पढ़ीं,मैं म्यूनिसिपल स्कूल से;आपकी हिन्दी-अंग्रेजी अच्छी,कर्म नहीं
6 संसद में फलस्तीन' लिखा बैग लेकर पहुंचीं प्रियंका गांधी,BJP बोलीः तुष्टीकरण' परिवार का इतिहास
7 प्रियंका गांधी वाड्रा ने गाजा पर इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा रही हैं और उन्होंने फलस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त की है,इस कड़ी में संसद के शीतकालीन सत्र में वे एक बैग लेकर पहुंचीं,जिस पर फलस्तीन' लिखा हुआ था, जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों के समर्थन में एक इशारा है
8 जो लोग झंडे,अशोक चक्र और संविधान से नफरत करते थे,वे आज हमें शिक्षा दे रहे हैंःमल्लिकार्जुन खरगे
9 राष्ट्रपति का आज से आंध्र-तेलंगाना का पांच दिवसीय दौरा,विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगी शिरकत
10 डोभाल सीमा विवाद पर वार्ता के लिए आज जाएंगे चीन;पांच साल बाद होने वाली संवाद में लेंगे हिस्सा
11 बंटोगे तो लुटोगे;राकेश टिकैत की हुंकार,योगी आदित्यनाथ की तरह किसानों को दिया नारा
12 फोन टैपिंग केस में अशोक गहलोत की बढ़ सकती है मुश्किलें,लोकेश शर्मा बने सरकारी गवाह
13 अंबानी और अडाणी एलीट सेंटी बिलेनियर क्लब' से बाहर,दोनों की नेटवर्थ इस साल 100 बिलियन डॉलर से नीचे पहुंची
14 राजस्थान में पारा लुढ़का माइनस में,अति शीत लहर-पाला के आसार;जारी हुआ ऑरेंज अलर्ट
15 नए संकट में घिरे कनाडाई PM जस्टिन ट्रूडो, खरी-खोटी सुना डिप्टी पीएम ने दिया इस्तीफा
16 भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्टःबारिश के कारण खेल रुका,राहुल की फिफ्टी,रोहित को कमिंस ने आउट किया;स्कोर 123/5
17 लोकसभा में पेश हुआ वन नेशन,वन इलेक्शन' बिल,BJP ने सांसदों को जारी किया व्हिप
18 दिल्ली-NCR में लागू हुए GRAP-4 के नियम, हवा की हालत खराब, हाइब्रिड मोड में चलेंगे स्कूल
19 जॉर्जिया में जहरीली गैस से 12 भारतीयों की दर्दनाक मौत,बेडरूम में मिली सभी की लाश
20 पीएम मोदी श्रीलंका दौरे पर जाएंगे,राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके का न्योता किया स्वीकार
21 राइस मिलर्स ने वापस ली हड़ताल,सरकार ने सभी मांगों पर दी सहमति,मिल मालिकों की धान उठाने की घोषणा
22 जहां नहीं चैना,वहां नहीं रहना,फडणवीस कैबिनेट में जगह न मिलने से दर्जन भर वरिष्ठ विधायक नाराज
23 Farmers Protest: किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च,फूंका पुतला;अनशन के 21वें दिन डल्लेवाल ने अमित शाह को घेरा
24 Wisconsin School Shooting:अमेरिकी स्कूल में गोलीबारी से बच्चों समेत पांच की मौत;विस्कॉन्सिन की घटना,कई घायल
25 नए संकट में घिरे कनाडाई PM ट्रूडो, खरी-खोटी सुना डिप्टी पीएम ने दिया इस्तीफा
26 रेपिस्टों को नपुंसक बनाया जाए,पोर्न हो बैन, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस
27 सीरिया के अपदस्थ नेता असद ने कहाःवह लड़ाई जारी रखना चाहते थे,लेकिन रूसी सहयोगियों ने उन्हें वहां से निकाल दिया
28 जाकिर हुसैन के निधन पर तबला वादक कानेटकर ने प्रकट किया दुख,कहाःउनसे बहुत कुछ सीखने को मिला
29 जम्मू कश्मीर में डोडा के जंगली क्षेत्रों में लगी भीषण आग,आग पर काबू पाने में जुटे वन विभाग
30 एक अकेला दुनिया तबाह कर सकता है! जुपिटर और मंगल के बीच 100 से ज्यादा एस्टेरॉयड मिले
31 प्रियंका गांधी के फलस्तीन लिखे हैंडबैग पर बीजेपी ने साधा निशाना, कांग्रेस ने किया बचाव
32 महाकुंभ से लौटने वालों को बिना टिकट सफर की सुविधा,जनरल कोच में 200-250 किमी तक का ट्रेवल कर सकेंगे,3 हजार स्पेशल ट्रेन चलेगीं
33 सुप्रीम कोर्ट बोलाःजय श्रीराम नारा लगाना अपराध कैसे,याचिकाकर्ता से पूछाःमस्जिद के अंदर नारा लगाने वालों की पहचान कैसे की
34 भारत पर मंडराया हार का खतरा,रोहित-राहुल को करना होगा लक्ष्मण-गांगुली वाला काम
35 एक देश-एक चुनावः व्हिप के बावजूद 20 से ज्यादा सांसद गैरहाजिर, नोटिस भेजेगी BJP
36 गृहमंत्री अमित शाह शाम करीब 6.30 बजे राज्यसभा में संविधान पर चर्चा करेंगे
37 अमेरिकाःमैडिसन के एबेंडैंट स्कूल में गोलीबारी, कई लोगों के घायल होने की खबर
38 ठंड के चलते आज से नोएडा के स्कूल सुबह 9 बजे से खुलेंगे
39 पुरीःजगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की आज से मरम्मत शुरू कर सकती है ASI
40 कनाडाःजस्टिन ट्रूडो ने डोमिनिक लेब्लांक को कनाडा का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया




## रेड 2 की रिलीज तारीख फिर बदली, अजय देवगन ने बताया कब पर्दे पर आएगी फिल्म

अजय देवगन के पास इस समय सीक्वल फिल्मों की भरमार है. ऐसे में उनकी फिल्म रेड के सीक्वल का फैंस पलकें बिछाकर इंतजार कर रहे हैं. पहले रेड 2 इसी साल यानी 2024 में ही रिलीज होने वाली थी. हालांकि मेकर्स ने कई कारणों से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी. लेकिन अब अजय देवगन ने खुद अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. अजय देवगन ने रेड 2 का एक पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा है- आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू! रेड 2, 1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. रेड 2 को राज कुमार गुप्ता ने पनोरमा स्टूडियो के बैनर तले डायरेक्ट किया है. फिल्म के भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है. अजय देवगन एक बार फिर आईआरएस अमय पटनायक के किरदार में लौट रहे हैं. वाणी कपूर और रितेश देशमुख भी फिल्म में अहम भूमिका अदा करते दिखाई देने वाले हैं. अजय देवगन आखिरी बार अपनी हालिया रिलीज फिल्म सिंघम अगेन में नजर आए थे. ये पिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही. अपने भांजे अमन देवगन की डेब्यू फिल्म आजाद में दिखाई देंगे. ये फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कंगना रनौत की इमरजेंसी से टकराएगी. इसके अलावा अजय देवगन के पास पाइपलाइन में गोलमाल 5, शैतान 2, दे दे प्यार दे 2 और सन ऑफ द सरदार 2 जैसी फिल्में पाइपलाइन में हैं.

# राज कपूर की 100वीं जयंती पर साड़ी में इतराईं आलिया भट्ट, कहा- 'मुड़ मुड़ के ना देख





बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें साझा करते हुए फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. आलिया ने सफेद फूलों वाली खूबसूरत साड़ी पहने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. यह पोस्ट उन्होंने दिवंगत अभिनेता और फिल्मकार राज कपूर के 100 साल के जश्न को समर्पित किया है. आलिया ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, मुड़ मुड़ के ना देख. उनके इस ग्लैमरस लुक पर बॉलीवुड के कई सितारों ने तारीफों की झड़ी लगा दी है. भूमि पेडनेकर ने इसे स्टनिंग कहा, जबकि रिया कपूर ने लवली कहकर प्रतिक्रिया दी. यह खास पोस्ट राज कपूर के सिनेमा जगत में 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है. आलिया ने इस तस्वीर के जरिए अपनी श्रद्धांजलि दी है, जो उनके फैंस और इंडस्ट्री के लिए एक खास संदेश है. कपूर फैमिली इस खास मौके को फिल्म फेस्टिवल की तरह सेलिब्रेट कर रहा है. फैंस ने आलिया की इन तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसाया है. राजकुमार राव और अन्य सेलेब्रिटीज ने भी पोस्ट को लाइक किया है. आलिया का यह अंदाज न केवल राज कपूर को श्रद्धांजलि है बल्कि उनकी क्लासिक और स्टाइलिश साड़ी लुक को भी दर्शाता है.

# स्टाइलिश आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने इंटरनेट का बढ़ाया तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।





हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने ब्लू कलर की बेहद ही स्टाइलिश फ्रिल्स लुक में ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बालों का स्टाइलिश बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो उनकी हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। प्रज्ञा जैसवाल की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 48 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने सो हॉट, यू लुक सो ब्यूटिफुल, हॉट एंड गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स किए हैं।

# पुष्पा 2: 1100 करोड़ का आंकड़ा पार, केजीएफ को पछाड़ बनी 450 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली सबसे तेज हिंदी फिल्म

तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बीच उनकी नई एक्शन फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर एक नई उपलब्धि हासिल की है. फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर स्टार यश की ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ - चैप्टर 2 को पछाड़ दिया है. इसके साथ पुष्पा 2 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज हिंदी फिल्म बन गई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2 ने 9वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सभी भाषाओं में कुल 36.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. हिंदी भाषी बेल्ट




में, फिल्म ने 27 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो अन्य भाषाओं के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से आगे निकल गया. पुष्पा 2 का कुल भारत नेट कलेक्शन 762.1 करोड़ रुपये हो गया है. पुष्पा 2 सबसे तेज 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है. 9 दिनों में अल्लू अर्जुन की फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 461 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसने 9वें दिन केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन (435.33 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है और 450 करोड़ से सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली तीसरी हिंदी फिल्म बन गई है. फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने सुकुमार की निर्देशित फिल्म पुष्पा 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. मनोबाला के अनुसार, पुष्पा 2 ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 9 दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कुल 1135.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. प्रभास की कल्कि 2898 एडी के लाइफटाइम कलेक्शन (1,042.25 करोड़ रुपये) को पार करने के बाद, पुष्पा 2 सभी भाषाओं में बाहुबली 2: द कन्क्लूजन (1788.06 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), केजीएफ: चैप्टर 2 (1215 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), आरआरआर (1230 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), जवान (1160 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), और दंगल (2070.3 करोड़ रुपये) को मात देने की तैयारी में है.

# अक्षय कुमार ने लॉन्च किया मोहनलाल की बारोज का ट्रेलर, खिलाड़ी कुमार ने की दृश्यम एक्टर की तारीफ

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मोहनलाल की अपकमिंग फैंटेसी ड्रामा बारोज: गार्डियन ऑफ ट्रेजर का हिंदी ट्रेलर लॉन्च किया. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय ने बताया कि उन्होंने मोहनलाल की ज्यादातर फिल्में देखी हैं. जबकि मोहनलाल ने इवेंट में शामिल होने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया. वहीं अक्षय ने भी मोहनलाल की तारीफों के पुल बांधे. इस इवेंट में अक्षय ने मलयालम सुपरस्टार की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, हर किसी की तरह मैं भी मोहन सर का फैन हूं और मैंने उनकी कई फिल्में देखी हैं. मैंने वह फिल्म भी देखी जिसे मेरे सबसे अच्छे दोस्त प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था. दृश्यम एक्टर




मोहनलाल ने अपने बिजी शेड्यूल से टाइम निकालने और बारोज का हिंदी ट्रेलर लॉन्च करने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया. बारोज में मोहनलाल एक फ्रेंडली भूत के रोल में हैं इस फिल्म से वे निर्देशन में भी कदम रखने जा रहे हैं. ट्रेलर काफी खूबसूरत है यह डिज्नी वर्ल्ड की याद दिलाता है. कहानी एक ऐसे खजाने की है जो एक महल में थिपा है और मोहनलाल इसे बचाते हैं. दिलचस्प बात यह है कि इस खजाने को एक लड़की ही निकाल सकती है और मोहनलाल (भूत) को सिर्फ यह लड़की ही देख सकती है. ट्रेलर काफी शानदार है और इसे देखने से पता चलता है कि फिल्म जादू, ड्रामा, इमोशन और रहस्य है - वह सब कुछ जो एक फैमिली फिल्म में होना चाहिए. बारोज: गार्जियन ऑफ ट्रेजर को आशीर्वाद सिनेमा के तहत एंटनी पेरुंबवूर ने बनाया है. जबकि सिनेमैटोग्राफी संतोष सिवन ने की है. फिल्म का संगीत लिडियन नादस्वरम ने तैयार किया है, और यह केरल में क्रिसमस पर 25 दिसंबर को बड़े पैमाने पर रिलीज होने वाली है.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।